

# राष्ट्रीय दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र

नागिन 7 में प्रियंका चाहर...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 18 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 358 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# नीतीश के बयान पर सुशील मोदी का तंज, पूछा— जो पिएगा वो मरेगा, तो क्या जो पलटी मारेगा वो राज करेगा

पटना। बिहार में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या लगभग 70 हो गई है। यही कारण है कि भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश कुमार और उनकी सरकार के खिलाफ हमलावर है। इन सबके बीच नीतीश कुमार का एक बयान जबरदस्त तरीके से चर्चा का विषय बना हुआ है। नीतीश कुमार ने साफ तौर पर कहा है कि जो शराब पिएगा वह मरेगा। इसी को भाजपा ने असंवेदनशील बयान करार दिया है। इन सबके बीच बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने नीतीश कुमार पर तंज कसा है। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जो पिएगा वह मारेगा, तो क्या जो पलटी मारेगा वह राज करेगा। आपको बता दें कि नीतीश कुमार ने ही भाजपा गठबंधन से अलग होकर राजद के साथ गठबंधन की सरकार बना ली थी। भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश कुमार के खिलाफ हमलावर है। भाजपा ने बिहार में जहरीली शराब का मुद्दा संसद में भी उठाया है।



भाजपा नीतीश कुमार से इस्तीफा मांग रही है। भाजपा शराबबंदी कानून को पूरी तरीके से विफल बता रही है। हालांकि नीतीश कुमार साफ तौर पर कह रहे हैं कि जो भी शराब पिएगा वह मरेगा। शराब पीना गलत है। जो गलत काम करेगा उसको उसका नतीजा भुगतना होगा। जहरीली शराब पीने से मरने वालों को कोई भी मुआवजा सरकार की ओर से नहीं दिया जाएगा। किसी भी थाने में शराब पीना ठीक नहीं है। इससे पहले सुशील कुमार मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा था कि बिहार को 35 हजार करोड़ की राजस्व क्षति, जहरीली शराब वाले 1000 से ज्यादा लोगों की मौत और 6 साल में 4 लाख गरीबों के जेल जाने के बाद भी क्या शराबबंदी की समीक्षा नहीं होनी चाहिए?

भाजपा नेता ने आगे कहा कि भाजपा शुरू से पूर्ण मद्यनिषेध नीति का समर्थन करती रही है, लेकिन नीतीश सरकार इसे लागू करने में पूरी तरह विफल है। मोदी ने कहा कि सरकार की नाकामी के कारण शराबबंदी ने पुलिस—प्रशासन के लोगों को 10 हजार करोड़ की अवैध कमाई करने और गरीबों को प्रताड़ित करने की खुली छूट दी। क्या इन बातों की समीक्षा नहीं होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि सारण में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा हो चुकी है। राज्य सरकार वास्तविक आंकड़े छिपा रही है। मोदी ने कहा कि मृतकों के परिवारों को पुलिस धमका रही है, इसलिए लोग दूसरी जगह जाकर अन्त्येष्टियां कर रहे हैं।

# कांग्रेस पार्टी का चीन के साथ हुआ था एमओयू

## जेपी नड्डा बोले- राहुल का बयान सेना का मनोबल तोड़ने वाला

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी द्वारा तवांग में भारतीय जवानों संग चीनी सैनिकों की झड़प के बाद लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान हमारी सेना का मनोबल गिराने का काम करता हैय इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। भारतीय सेना शौर्य और शौर्य की प्रतीक है। हम जानते हैं कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के साथ एमओयू साइन किया था। जेपी नड्डा ने कहा कि जब भारतीय सेना डोकलाम में थी, तब राहुल गांधी चीनी दूतावास में चीनी अधिकारियों से चुपचाप मिले। हम यह भी जानते हैं कि उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा पर सवाल उठाए थे, यह बताता है कि वह भारत की भाषा नहीं बोलते हैं। वह वही भाषा बोलते हैं जो पाकिस्तान बोलता है। मैं ऐसे बयानों की निंदा करता हूं, यह देश के प्रति राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है, जबकि सरकार सोई हुई है और इस खतरे को "नजरअंदाज" करने की कोशिश कर रही है। गांधी ने मीडिया को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि पत्रकार उनसे सचिन पायलट और अशोक गहलोत से लेकर हर चीज के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन पर एक सवाल नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, "जो चीन का खतरा है.. और मुझे तो वो स्पष्ट है.. और मैं इसको लेकर दो—तीन साल से कह रहा हूं, लेकिन केंद्र सरकार उसको छिपाने की कोशिश कर रही है।



# एक ही दिन बिलावल भुट्टो और राहुल गांधी पीएम पर सवाल उठाते हैं, फडणवीस ने पूछा— यह कौन सा रिश्ता है?

मुंबई। तवांग में भारत और चीन की सेनाओं के बीच झड़प को लेकर कांग्रेस से केंद्र की सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इसी कड़ी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की सरकार पर भी सवाल उठा दिया और साथ ही कह दिया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है और भारत के सरकार सो रही है। इसको लेकर अब भाजपा की ओर से राहुल गांधी और कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया जा रहा है। इन सब के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने राहुल गांधी और बिलावल भुट्टो की तुलना भी कर दी है और पूछा है कि रिश्ता क्या कहलाता है? दरअसल, 16 दिसंबर को राहुल गांधी ने भारत पर सवाल उठाए थे और मोदी सरकार पर निशाना साधा था। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भी उसी दिन भारत पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। भारत 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाता है। इसी दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान को पराजित किया था। अब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एक ही दिन बिलावल भुट्टो और राहुल गांधी च्ड पर सवाल उठाते हैं, यह कौन सा रिश्ता है? बिलावल भुट्टो एक फेल देश (पाकिस्तान) के विदेश मंत्री है लेकिन उसी समय अगर हमारे प्रमूख विपक्षी पार्टी के नेता राहुल गांधी करेंगे तो उनके लिए राष्ट्र बड़ा है या राजनीति? भाजपा नेता ने आगे कहा कि इस देश भू—भाग जो चीन को मिला उस समय कौन प्रधानमंत्री थे? आपके परिवार के लोग जब प्रधानमंत्री बने तो कई बार चीन ने हमारे भू—भाग पर कब्जा किया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अत्यंत ही अमर्यादित, बचकाना और राष्ट्रविरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत और भारतीय सेना को अपमानित करने वाला है। हम उनके बयान की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा था कि हम कांग्रेस और राहुल गांधी की इस सोच की निंदा करते हैं। उनसे ये मांग करते हैं वे देश की जनता और देश के बहादुर जवानों से माफी मांगे।



# सेना पर बयान को लेकर बीजेपी ने साधा निशाना, कहा— राहुल का चरित्र जयचंद वाला

नई दिल्ली। भारतीय सेना पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है। बीजेपी ने राहुल गांधी का चरित्र जयचंद की तरह बताया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब—जब देश एकजुट हुआ तब तब कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने इस एकजुटता की पीठ में खंजर घोपने का काम किया। इन्होने तो पुलवामा हमले को भी श्होम ग्रोएन टेररिज्मश बताया था। राहुल गांधी जी मैं आपको बता दूं कि— भारत की सेना इतनी सक्षम है कि ना तो कभी पिटी थी और ना कभी पिटेगी। आज जब हमारी सेना और सीमांत इलाके सक्षम और सुरक्षित हो रहे हैं तो कांग्रेस को इतना दर्द क्यों हो रहा है। गौरव भाटिया ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राहुल गांधी ने दुश्मन देशों से समझौता किया हुआ कि जब जब भारतीय सेना अपना पराक्रम दिखाएगी राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सेना का मनोबल तोड़ने का कार्य करेगी। इनका चीन से समझौता है और मुझे ऐसा कोई बयान नहीं दिखा जब कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी या राहुल गांधी ने चीन की निंदा की हो। राहुल गांधी देश को बताएं कि वो अपना श्जयचंदश वाला चरित्र कब छोड़ेंगे। साल 2007 में संसद में एक प्रश्न पूछा गया था तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बताया था कि 38 हजार स्क्वयार किलोमीटर की जमीन और कुल 43180 स्क्वयार किलोमीटर जमीन कांग्रेस शासन के दौरान चीन ने कब्जाई है। जब जब सेना अपना पराक्रम दिखलाती है तो देशवासियों की छाती 56 इंच की हो जाती है लेकिन दर्द होता है तो दुश्मन देश को होता है और राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी को होता है। क्या कारण है कि जब—जब सेना के कारण देशवासियों की छाती 56 इंच की होती है तो कांग्रेस और राहुल गांधी की छाती छह इंच की हो जाती है। मैं राहुल गांधी जी को बता दूं कि ये 1962 वाला भारत नहीं है। भारत की एक इंच भूमि ना किसी के कब्जे में है और न किसी में ये हिम्मत है कि वो कब्जा कर ले।



# पंजाब में हेल्थी और सस्ती शराब लाएगी भगवंत मान सरकार, बोतलों के बजाय पाउच में मिला करेगा

चंडीगढ़। बिहार में शराबबंदी



कानून लागू होने के बाद से ही अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद हो रही है। सारण और सीवान जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 57 लोगों की मौत हो गई है। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वो अवैध शराब से लोगों को दूर करने के लिए एक स्वस्थ विकल्प के रूप में देसी शराब का हेल्दी वैरिएंट प्रदान करने की योजना बना रही है। भगवंत मान ने कहा कि अवैध रूप से पीसा घर का बना शराब के लिए एक ष्स्वस्थ विकल्पष है, और बाजार में उपलब्ध ब्रांडों की तुलना में अल्कोहल का प्रतिशत कम है।

### पंजाब में पाउच शराब: यह क्या है?

पंजाब सरकार चाहती है कि बाजार में 40 प्रतिशत अल्कोहल की मात्रा वाली देशी शराब के पाउच उपलब्ध हों। प्रत्येक पाउच की कीमत 25 से 40 रुपये के बीच होने की उम्मीद है। हल्की शराब बनाने और बेचने के कदम को चालू वित्त वर्ष के लिए इसकी नई आबकारी नीति में शामिल किया गया है।

### स्वास्थ्य के लिए कैसा है?

सरकार का दावा है कि देशी शराब अवैध रूप से घर में बनी शराब का स्वास्थ्यवर्धक विकल्प है। जो लोग जहरीली शराब बनाते हैं वे प्रदूषित पानी का इस्तेमाल करते हैं। चूंकि इसका सेवन किया जाना है, यह कभी—कभी विभिन्न जल जनित रोगों के रोगजनकों को ले जाता है। एक आबकारी अधिकारी ने कहा, डिस्टिलरी में तैयार पाउच पीने योग्य पानी का उपयोग करेंगे।

पाउच ही क्यों?: सरकार लोगों के लिए बोतलों के बजाय पाउच पेश करना चाहती है, खासतौर पर उन गांवों में जहां बहुत अधिक मात्रा में जहरीली शराब का सेवन किया जाता है। राज्य ने कई त्रासदियों को देखा है क्योंकि अवैध शराब के व्यापार को नियंत्रित करना मुश्किल है। कभी—कभी, जहरीली शराब में मेथनॉल होता है जो मनुष्यों के लिए जहरीला होता है और अगर इसका सेवन किया जाए तो यह घातक हो सकता है।

# सीमाओं पर किये गये इंतजाम विपक्ष को दिखाये सरकार: प्रियंका चतुर्वेदी



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद और उद्धव ठाकरे के गुट वाली शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि सरकार संसद में चीन का नाम क्यों नहीं लेना चाहती। बातचीत में उन्होंने कहा कि चीन को लेकर सरकार चुप क्यों है और क्यों विपक्ष को जानकारी देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चीन के मुद्दे पर तमाम बातें सार्वजनिक नहीं करना चाहती तो चर्चा के दौरान संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण बंद करवा दे, या सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी को वस्तुस्थिति की जानकारी दे, या हमें सीमाओं पर ले जाकर वहां किये गये इंतजामों को दिखाये। उन्होंने कहा कि मामला देश की सुरक्षा का है इसलिए विपक्ष खामोश नहीं रह सकता। प्रियंका चतुर्वेदी ने इसके अलावा महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी की ओर से आज किये गये हल्ला बोल में उमड़ी भीड़ को देखते हुए कहा कि जनता हमारे साथ है क्योंकि शिंदे सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के दौरान विकास परियोजनाएं रातोंरात अन्य राज्यों में चली जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि कोविड के दौरान उद्धव ठाकरे सरकार ने शानदार काम किया था। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि बिलावल भुट्टो के बयान को तवज्जो नहीं देनी चाहिए।




# राहुल गांधी का हिमाचल सीएम ने किया बचाव, बोले— यह देश विरोधी बयान नहीं, बीजेपी में घबराहट

शिमला। तवांग में भारत और चीन की झड़प को लेकर विपक्ष जबरदस्त तरीके से केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में राहुल गांधी ने भी केंद्र सरकार पर बड़ा हमला करते हुए साफ तौर पर कह दिया था कि चीन हमारी सेना को पीट रहा है और हमारी सरकार सो रही है। इसके बाद से भाजपा जबरदस्त तरीके से राहुल गांधी के इस बयान को लेकर उन पर हमलावर है। भाजपा इसे सेना का अपमान भी बता रही है। इन सबके बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राहुल गांधी का बचाव किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने साफ तौर पर कहा है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के इस बयान को लेकर भी कहा कि यह देश विरोधी नहीं है। अपने बयान में सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बीजेपी की घबराहट बढ़ रही है। हमारे जवानों को नुकसान पहुंचाया गया और अगर राहुल गांधी ने ऐसा कहा है तो यह देश विरोधी बयान नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह बात एक ऐसे व्यक्ति ने कही है जिसके परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। जो चीन का खतरा है.. और मुझे तो वो स्पष्ट है.. और मैं इसको लेकर दो—तीन साल से कह रहा हूं, लेकिन केंद्र सरकार उसको छिपाने की कोशिश कर रही है। सरकार उसको नजरअंदाज कर रही है, मगर उस खतरे को न तो छुपाया जा सकता है और न ही उसकी अनदेखी की जा सकती है। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि चीन, भारत की सीमा पर युद्ध की तैयारी कर रहा है। भाजपा का निशाना: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी का बयान अत्यंत ही अमर्यादित, बचकाना और राष्ट्रविरोधी तत्वों को प्रेरित करने वाला है।



# संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। शासन की मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के तीनों तहसीलों में संपन्न हुआ। तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का निस्तारण स्वयं करें, इसकी निगरानी निरन्तर करते रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे। शासन एवं जनपद स्तर पर निरंतर इसकी निगरानी की जा रही है। इस दौरान पुलिस



अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों का निस्तारण ससमय करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग, सार्वजनिक रास्ता आदि मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करें। सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि सरकारी जमीनों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने दे। इस दौरान फरियादियों द्वारा राशन न मिलने की शिकायत, शहरी आवास भुगतान की शिकायत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तत्काल समस्याओं का निस्तारण किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 56 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर छह प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। अन्य मामलों का स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान एसपी राजेश कुमार सक्सेना, एसडीएम संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार रामाश्रय, सीओ उदयराज सिंह, सीएमओ डा0 सुशील कुमार, डीडीओ गिरीश चन्द्र पाठक, पीडी चन्द्र प्रकाश, डीआईओएस गोविन्दराम, बीएसए कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, उप निदेशक कृषि डा प्रभाकर सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी राना, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र,

- **जनपद के तीनों तहसीलों 104 प्रार्थना पत्र आये**
- **मौके पर 13 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण अधिकारियों द्वारा किया गया**

ईओ उतरौला व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तहसील तुलसीपुर में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर चार प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारी तीन दिवस के भीतर स्थलीय सत्यापन करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर, एसडीएम मंगलेष दूबे, तहसीलदार प्रमेश कुमार, सीओ कुँवर प्रभात् सिंह, नायब तहसीलदार व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। तहसील बलरामपुर संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी राजेन्द्र बहादुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान फरियादियों द्वारा 32 प्रार्थना पत्र दिये गये, जिसमें से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारी स्थलीय सत्यापन करते हुए तीन दिवस के भीतर करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान एसडीएम राजेन्द्र बहादुर, तहसीलदार अवधेष कुमार, नायाब तहसीलदार प्रतिभा मौर्य, बीडीओ सागर सिंह व अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# साहित्य महोत्सव में सम्मानित होंगे उसका के सुमन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। भागीरथी सांस्कृतिक मंच, गोरखपुर द्वारा आगामी 18 दिसम्बर को रैम्प्स स्कूल, गोरखपुर के सभागार कक्ष में आयोजित होने वाले साहित्य महोत्सव कार्यक्रम में उसका बाजार नगर क्षेत्र के अम्बेडकरनगर निवासी शिक्षकध्साहित्यकार आनंद कुमार सुमन को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी लेखक आनंद कुमार सुमन ने देते हुए बताया कि संस्था की ओर से आमंत्रण पत्र प्राप्त हो चुका है। इस महोत्सव में पुस्तक 'यादों के साये' (साझा गजल) में सम्मिलित कवियोंध्शायरों एवं कवियत्रियों के प्रकाशित पुस्तक गजलों के साझा गजल संग्रह लिए प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा और पुस्तक 'यादों के साये' का विमोचन होगा। सुमन ने यह भी बताया कि इस पुस्तक ष्यादो के साये में मेरी भी पांच चुनिंदा गजलें प्रकाशित है।

# पठान फिल्म के विरोध में विश्व हिन्दू महासंघ ने शाहरुखन का पुतला फूंक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पठान फिल्म के विरोध में विश्व हिन्दू महासंघ






के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बुद्ध तिराहे पर शाहरुखन का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया है। इस दौरान विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि फिल्में देश व समाज को दिशा देने के लिए होती हैं। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण द्वारा अभिनीत फिल्म पठान देश व समाज में वैमनस्ता फैलाने का कार्य करेगी। फिल्म में केसरिया रंग की खिल्ली उड़ाने तथा नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने से विश्व हिंदू महासंघ आक्रोशित है। विश्व हिन्दू महासंघ के शोहरतगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि, फिल्म निर्माताओं को हिंदू संस्कृति का भी ध्यान रखना चाहिए । हम ऐसी किसी भी फिल्म को नहीं चलने देंगे, जिसमें हिंदू मान बिंदुओं का उपहास, देवी देवताओं के अभद्र चित्र व नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया गया हो। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, मनोज कनौजिया राजू यादव मंटू यादव सुनील यादव अखिलेश पांडे विजय शंकर उपाध्याय

# प्रतियोगिताओं में छात्रों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

## पायनियर पब्लिक स्कूल में योग व नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में योगा व दोहरा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रध्छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय योगा अध्यापक संदीय योगी ने योगाभ्यास करवाया। जिसमें उप प्रधानाचार्य अध्यापक आशुतोष मिश्रा, अध्यापक अशोक कुमार शुक्ला एवं पी0टी0आई0 अध्यापिका विजय लक्ष्मी पाण्डेय तथा सभी छात्रध्छात्राओं ने मिलकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सभी छात्रध्छात्राएं मैट पर बैठकर योगा गुरू के साथ ऊँ का उच्चारण करके योगा का शुभारम्भ किया। मैट पर बैठ कर लेट कर तथा खड़े होकर छात्रध




छात्राओं ने भली भाँति योगाभ्यास किया। पी0टी0ई अध्यापिका नें बच्चों को बताया कि हमें प्रतिदिन व्यायाम तथा योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे हमारा शरीर चुस्त एवं दुरूस्त रहता है। योगा गुरू ने बच्चों को योगाभ्यास कराते हुए विभिन्न प्रकार के आसन सिखाये। पी0टी0आई0 अध्यापिका ने बच्चों से बताया कि आप सभी अपने अभिभावको या बडों के साथ प्रतिदिन छोटे–छोटे योगा अवश्य करें। योगा गुरू ने वृक्षा आसन, भुजंग आसन, शीर्षासन, कपाल भारती, अनुलोम विलोम तथा वृक्षा आसन का अभ्यास कराया। तथा पी0टी0आई0 अध्यापिका ने बच्चों को बताया कि आप सब अपने माता–पिता या बडों के देखरेख में योगाभ्यास करें। जिससे हमारा शरीर एवं मांसपेशिया मजबूत होती है। तथा हमारे शरीर को अत्यधिक उर्जा प्रदान होती जो बाहरी रोगों से लड़ने की क्षमता पैदा करती है। दोहरा नृत्य' प्रतियोगिता के आयोजन में प्राइमरी ग्रुप के छात्रध्छात्राओं में सुभाष हाउस, आजाद हाउस, गाँधी हाउस व टैगोर हाउस के मध्य हुआ। जिसमें सुभाष हाउस से प्रांजल–जान्हवी, वीरा–सुभी, अनन्या–सिफा, आजाद हाउस से श्रेयांस, तनमय, इलमा, वर्णित, अभ्युदय, अनुष्का दूबे, तनय श्रीवास्तव, अवन्तिका श्रीवास्तव, शिवांस मिश्रा, गॉधी हाउस से सौम्या तिवारी, चित्रांश यादव, मरियम आबदीन, काव्या श्रीवास्तव, वैष्णवी श्रीवास्तव, ख्याति मिश्रा, सुभिक्षा मिश्रा, आयुशी पाण्डेय तथा टैगौर हाउस से अनय सिंह, नित्या मोदनवाल, ऋषभ, सबा फिरदौस, प्रशांत, मिनाक्षी मिश्रा, दिव्यांस, रिद्धी श्रीवास्तव, कैश खान, आस्था ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागिओं ने बहुत ही सुन्दर दोहरा नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें गाँधी हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय, सुभाष हाउस ने तृतीय तथा आजाद हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अन्त में ''योगा व दोहरा नृत्य प्रतियोगिता'' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने समस्त छात्रध छात्राओं की सराहना के साथ उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय,उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्रा, एक्टीविटी इचार्ज राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापकध अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया पुतला दहन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। देश भर में हो रहे बिलावल भुट्टो के



खिलाफ पुतला दहन के क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अगुवाई में भाजपा एवम विद्यार्थी परिषद ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री को अपशब्द कहे जाने के विरोध में हनुमानगढ़ी चौराहे पर पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की जिसमें जिला संयोजक अमन गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष पाण्डेय, भाजपा वरिष्ठ नेता विष्णु गुप्ता, सभासद पाटेश्वरी प्रसाद नगर सहमंत्री राज अग्रहरी नगर एस. एफ. डी.प्रमुख शिव प्रताप चौहान नगर कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष पाण्डेय, रणवीर सिंह, अनुज यादव, सुशील यादव रामदयाल सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भौतिक विज्ञान विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

## 10 राज्य के प्रतिनिधि ले रहे है संगोष्ठी में हिस्सा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में भौतिकी विभाग द्वारा




आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने रीसेंट एडवांसेज इन मल्टीफंक्शनल मटेरियल्स विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य अतिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के कुलपति प्रो0 हरि बहादुर श्रीवास्तव, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो0 प्रभाकर सिंह, सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, प्रो0 बी सी यादव, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय संयोजक प्रो0 अरविंद द्विवेदी व आयोजन सचिव डॉ आलोक शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। सेमिनार के मुख्य अतिथि कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय प्रो0 हरि बहादुर श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में ऐसे आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व होता है कि यह महाविद्यालय हमारे विश्वविद्यालय का अंग है। ऐसे आयोजन युवा वैज्ञानिकों के साथ साथ शोध छात्रों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होता है। कार्यक्रम अध्यक्ष आई आई टी बनारस के प्रो0 प्रभाकर सिंह ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के भी सेमिनार का आयोजन करेगी। सेमिनार सरंक्षक व सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने भौतिकी विभाग सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए शोध को बढ़ावा देने पर बल दिया।डॉ भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो0 बालचंद्र यादव ने कीनोट एड्रेस दिया। सेमिनार के अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के उपलब्धियों की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। संयोजक व विभागाध्यक्ष भौतिकी प्रो0 अरविंद द्विवेदी ने सेमिनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह, मंजीता यादव, डॉ हेमा व कमलेश चौरसिया ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम के दौरान सोविनियर का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापक,शोध छात्र सहित देश के लगभग 10 राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली

## अमरूतानी में भाग रहे बदमाश ने पुलिस पर की थी फायरिंग, तड़के 4 बजे हुई मुठभेड़

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। राजघाट पुलिस की शनिवार की भोर में गैंगरेप के आरोप में फरार चल रहे बदमाश से मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस के जवाबी कार्यवाई में बदमाश राज निषाद के बाए पैर में घुटने के पास गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया, जंहा उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार राजघाट इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह अपने हमराहियों के साथ भोर में अमरू तानी बगीचे की तरफ गस्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगरेप में फरार चल रहा बदमाश भाग रहा है। पुलिस ने उसका पीछा कर घेराबंदी कर ली। खुद को घिरता देख बदमाश राज निषाद ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवई करते हुए गोली चलाई। पुलिस की गोली बदमाश के बाएं पैर के घुटने पर लगी और वह गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई भी अस्पताल पहुचे और जानकारी ली। इंस्पेक्टर राजघाट राजेन्द्र सिंह के अनुसार घायल बदमाश राज निषाद राजघाट के चकरा अव्वल का रहने वाला है। उस पर गैंगरेप, पास्को, रेप, हत्या के 7 केस दर्ज है। वह राजघाट थाने में दर्ज गैंगरेप के मुकदमे में और खोराबार थाने में दर्ज हत्या के मुकदमे में वांछित था। उसपर 10 हजार रुपये का इनाम भी था।

# पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपाईयों ने पुतला फूंका

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। पाकिस्तानी नेता





बिलावल भुट्टो द्वारा न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किए गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर द्वारा पार्टी कार्यालय अटल भवन से वीर विनय चौक तक आक्रोश यात्रा निकाली गई भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की नेतृत्व में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला, डीपी सिंह बैस, अजय सिंह पिंकू, वरूण सिंह मोनू, बृजेन्द्र तिवारी, बिंदु विश्वकर्मा, सुनीता मिश्रा, राम कृपाल शुक्ला, ललिता तिवारी, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संदीप वर्मा, अक्षय शुक्ला, अजीत ओझा, आनंद त्रिपाठी, गोविन्द सोनकर, अनवारूल हक, जमील अहमद, मंजू तिवारी, संतमणि, सौरभ तुलस्यान, नदीम काजी, राशिद सहित सैकड़ों भाजपाई ने विरोध। प्रदर्शन करते हुए बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता है पाकिस्तानी नेता द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय है पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मान रहा है। पूरे देश में पाकिस्तान और उनके नेता के विरुद्ध पुतला फूंक कर आक्रोश जताया जा रहा है पाकिस्तानी आवाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रही है और अपने नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीख लेने की सलाह दे रही है पाकिस्तान के नेता अपने देश की हालात पर चिंता करने की वजह है इधर उधर की बातें कर कर अपने देश की जनता का ध्यान भटका रहे हैं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं में बेहद गुस्सा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध की गई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है पूरे देश में इसका विरोध किया जा रहा है।

# देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य- सांसद

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन







दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन जनपद के सभी बैंको के साथ भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोहिया कला भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थनगर राहुल रंजन, क्षेत्रीय प्रबन्धक, बड़ौदा यू0पी0 बैंक डी0सी0 पाण्डेय की उपस्थिति में द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जनपद का सी0डी0 रेसियो बढ़ाने के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। सांसद ने बताया कि अन्य देशों द्वारा अब उ0प्र0 में पहली बार निवेश इन्वेस्टमेंट की पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए देश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। दुनिया की पांच मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों में अब भारत का भी नाम शामिल है। उ0प्र0 सरकार द्वारा विकास को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उ0प्र0 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जनपद के विकास में बैंक का महत्वपूर्ण योगदान है जो जरूरतमंद लोगो के आर्थिक विकास में सहायक होते है। भारत सरकार द्वारा इस जनपद को नीति आयोग में चिन्हित किया और जनपद के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आच्छादित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओ के माध्यम से स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे वह अपने रोजगार को बढ़िया से कर सके और आत्मनिर्भर बन सके। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करके अपने आय को बढ़ा रही हैं और अपने परिवार की देखभाल भी कर रही हैं। स्वरोजगार कर सभी लोगों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा और अन्य देशों की तुलना में हमारा देश अग्रणी होगा। मेगा क्रेडिट कैंप के आयोजन पर सांसद डुमरियागंज द्वारा सराहना किया गया। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चयनित 08 जिलों में सिद्धार्थनगर भी शामिल है। जनपद के विकास में सभी का योगदान जरूरी है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु 1.5 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जो विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार कर अपनी आय को बढ़ा रही हैं और लोगों को रोजगार उपलब्ध भी करा रही हैं। भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओ का लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने भारतीय स्टेट बैंक के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्वरोजगार हेतु ग्राहकों से आग्रह किया। उन्होने बताया कि सरकार की मंशा है कि सभी पात्र लागों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने का है। हमारे जनपद के लोगों के अन्दर अच्छा हुनर है और वह रोजगार के लिए बाहर जाकर अच्छा कार्य कर रहे हैं। भारत सरकारध्प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अपने जनपद में स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे अपने जनपद में ही स्वरोजगार कर अच्छी आय प्राप्त कर सके। मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार,, क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थनगर राहुल रंजन की उपस्थिति में समूह की महिलाओं को रोजगार हेतु स्वीकृत चेक का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न बैंको द्वारा कुल 113 करोड़ 93 लाख 23 हजार का ऋण स्वीकृतधवितरित किया गया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कुल 1156 लाभार्थियों के मध्य 2998 लाख, बड़ोदा यू0पी0 ग्रामीण बैंक द्वारा कुल 1726 लाभार्थियों के मध्य 2622.60 लाख एवं अन्य समस्त बैंको द्वारा कुल 850 लाभार्थियों के मध्य 5772.63 लाख का ऋण वितरण किया गया। सरकार के सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत समस्त बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, 6176 लाभार्थियों को, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 13144 लाभार्थियों एवं अटल पेंशन योजना के 2291 लाभार्थियों को इस अभियान के अंतर्गत आच्छादित किया गया है। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त ब्लाक प्रमुख नौगढ़ प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, डी0सी0एन0आर0एल0एम0 योगेन्द्र लाल भारती, लीड बैंक अधिकारी रवि कुमार सिन्हा, अन्य बैंकों के अधिकारीगण, समूह की महिलायें एवं बैंक सखी उपस्थित थी।

# प्रियंका त्रिपाठी के जनसमर्थन में उमड़ा जनसैलाब,लोगों का मिल रहा भारी समर्थन

## राकेश दत्त त्रिपाठी ने मांगा सबका साथ,होगा सबका विकास








दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर में भाजपा से अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी ने रोड शो करके लोगों से समर्थन की अपील किया। रोड शो के दौरान भारी जनसैलाब ने जहां पूरा नगर जाम सा कर दिया तो वही जनपद मुख्यालय के सबसे बड़े रैली का भी रिकॉर्ड तोड़ता नजर आया। आपको बता दें कि शनिवार को प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी ने अपने जनसमर्थकों के साथ जिला मुख्यालय के नगरपालिका क्षेत्रों में रोड शो कर लोगों से वोट के लिए अपील किया। रोड शो में मानो पूरा जिला मुख्यालय ही साथ चल रहा हो और जिला मुख्यालय जाम सा हो गया हो की स्थिति बन गई थी, रोड शो के दौरान जहां ट्रैफिक पुलिस एवं सिविल पुलिस के भी होश उड़े हुए थे तो वही लोगों ने अपना समर्थन देते हुए शांति पूर्वक रोड शो संपन्न कराने में राकेश दत्त त्रिपाठी का साथ दिया। रोड शो के दौरान प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी के साथ रोड शो में समर्थकों के रूप में समाजसेवी जयंत पांडे, रामानंद त्रिपाठी, युवा समाजसेवी पीयूष चौबे, न्याय एक संकल्प के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम कृष्ण पांडे ,ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित सुधीर पांडे उर्फ फरसा बाबा,सर्मपण के सनी उपाध्याय,विनय पाण्डेय,रजत चौबे,पिकू चौबे,संतोष पाण्डेय पूर्व प्रधान पकड़ी,कृपा शंकर त्रिपाठी,त्रिपुरारी पाण्डेय पूर्व प्रधान पकड़ी,अवध राम जी पुर्व प्रधान पकड़ी,सलिक राम त्रिपाठी विक्की रस्तोगी, सौरभ शर्मा विक्की शर्मा ,पंडित विनय शर्मा ,विपिन मिश्रा ,आदित पांडे,आदर्श त्रिपाठीअरुण पांडेय,मंगरू मुरारी,अजय वर्मा,बब्लू मिश्रा ।

# सांसद जगदम्बिका पाल से न्याय दिलाने की मांग को लेकर मांग पत्र सौपा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। नगर क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर वार्ड मे गड्ढे




पर कब्जे को लेकर पी पी एक्ट के तहत एस डी एम न्यायालय द्वारा हो रही कार्यवाही के खिलाफ वार्ड के लगभग सौ लोगो ने शनिवार की सुबह सांसद जगदम्बिका पाल से मिलकर न्याय दिलाने की मांग किया और एक मांग पत्र सौपा है। आदर्श व्यापार मंडल बांसी के अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में पहुचे वार्डवासियों को सांसद ने उच्च अधिकारियों से मिलकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। लोगों ने सांसद को अवगत कराया की हमारे पूर्वज कई पुश्त से और आजादी के पूर्व से प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस स्थल पर रह रहे हैं, जो भी नोटिस दी गई है वह सही नहीं है। इस संबंध में मौके पर उपस्थित सभासद रामगोपाल अग्रहरि ने डिटेल से अपनी बात को सांसद समक्ष रखा। लोगो ने कहा कि ऐसा होने से उनके सर से छत छिन जायेगी। लोगो की समस्या सुनने के बाद सांसद ने आश्वस्त करते हुए कहा इस संबंध में जिलाधिकारी व एस डी एम से मिलकर आप सबको न्याय दिलाने का प्रयास करूंगा मैं आपके साथ हूं। मांग पत्र सौपने वालो मे रामगोपाल अग्रहरि, हाजी दिलशाद अहमद, मुमताज अहमद, श्याम सुंदर, देवी प्रसाद, शंभू प्रसाद, गणेश प्रसाद, आफताब अहमद, अर्जुन प्रसाद, राममिलन, बिंदा प्रसाद, जगदीश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सत्य प्रकाश, जीतन प्रसाद, हनुमान प्रसाद, छोटेलाल, हरिश्चंद्र, वसीर, फूलचंद आदि शामिल थे।

# उपजिलाधिकारी को 5 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। शनिवार को तहसील प्रांगण में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले तहसील अध्यक्ष रामानंद राय के अगुवाई में उप जिला अधिकारी को 5 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन के माध्यम से भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन (अ) की पंचायत, किसान योजना हित की समस्याओं को लेकर तहसील प्रांगण में पंचायत लगाकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उर्वरक खाद यूरिया की कालाबाजारी जोरों पर चल रही है इस पर प्रतिबंध लगाया जाए, राशन कार्ड पर कोटेदार की मनमानी से प्रति यूनिट पर एक किलोग्राम कटौती किया जा रहा है जांच कराकर कोटेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, धान क्रय केंद्र पूरे जनपद सिद्धार्थनगर में चालू कराया जाए तथा क्रय विक्रय केंद्र की सूची उपलब्ध कराया जाए, राशन कार्ड में ऑनलाइन होने के बावजूद भी पात्र व्यक्ति का नाम राशन कार्ड की सूची में नहीं दर्ज हो रहा है, किसान व लाभार्थी को बार–बार तहसील का चक्कर काटना पड़ रहा है इस पर सुधार कराया जाए, सहज जन सेवा केंद्र पर आय जाति व निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन का 100 लिया जाता है इसका शुल्क निर्धारित करके इस मांग को लेकर ज्ञापन दिया साथी अपने ज्ञापन में कहा कि अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम सब भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन धरना के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस दौरान शंभू प्रसाद तिवारी, लक्ष्मी, रामानंद गुप्ता, तुलसीराम, संतोष कुमार वर्मा, हरिहर, रामदीन, शांति, अशोक, गुड़िया, बृजलाल, वालकेश्वर, रामलगन, ललिता, पूनम चौबे, रामफेर चौधरी ,सावित्री ,रामकुमार आदि काफी संख्या में मौजूद रहे।

# प्राण घातक हमले में दस वर्ष की साश्रम कारावास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। प्राण घातक हमले के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मो शफीक ने पांच लोगों को दोषी करार देते हुए दस वर्ष की साश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए एक लाख 45 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने की धनराशि में से पीड़ित पक्ष को पचास हजार रुपये बतौर क्षतिपूर्ति देने का भी आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता इश्वर चंद्र दूबे ने किया है। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के मजगवा निवासी अंजनी कुमार दुबे घटना के दिन शाम सात बजे बांसी से अपने गांव जा रहे थे। गांव के मार्ग पर गांव के ही बलराम, ओम प्रकाश, घनश्याम यादव, प्रकाश यादव व पिपरा गांव निवासी संजय चौरसिया ने उन्हें घेर लिया, और प्रकाश यादव एवं घनश्याम यादव ने तमंचा निकाल कर उनपर गोली चला दिया था। मिश्रौलिया थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियोजन की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ईश्वर चंद्र दुबे ने कुल सात गवाह पेश किया। परीक्षण के उपरांत न्यायाधीश ने पांचों आरोपितों को दोषी पाया।

## सम्पादकीय

**सब कुछ मिल भी जाए तो वॉटर टेस्ट रिपोर्ट और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट कई बार हासिल करने होते हैं क्योंकि इनकी वैलिडिटी लिमिटेड होती है। जब तक शिक्षा विभाग से सर्टिफिकेट मिलते हैं, तब तक ये सारे एक्सपायर हो चुके होते हैं। सब जगह हाल खराब रू कमोबेश यही हालत देश की दूसरी मेट्रो सिटीज की भी हैं। कहीं भी ऐसा ...**

# मिशन एडमिशन में कैसे मिले पैरंट्स को राहत

दिल्ली एक बार फिर से मिशन मोड में है। यह मिशन है 'नर्सरी एडमिशन'। नवंबर के आखिर में नर्सरी दाखिले के लिए गाइडलाइन जारी होने के साथ ही एक अदद 'बढ़िया' स्कूल में दाखिला दिलाने की पैरंट्स की रेस शुरू हो चुकी है। गाइडलाइंस जारी करते समय हर साल शिक्षा विभाग पैरंट्स को आश्वस्त करता है कि इस बार उन्हें कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। मगर हर साल उन्हें भीषण दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। जाहिर है, समस्या की तह तक पहुंचना होगा। डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सेंटर फॉर एजुकेशन के 2020–21 के आंकड़े कहते हैं कि दिल्ली में कुल 5,619 स्कूल हैं। सरकारी 2,762 और सरकारी मान्यता प्राप्त निजी स्कूल 2,857 हैं। इनमें से भी सिर्फ 247 सरकार से सहायता प्राप्त स्कूल हैं। 2610 निजी स्कूलों को मान्यता तो मिली है, मगर सरकारी सहायता नहीं। इनमें पहली से 12वीं तक की कक्षा वाले स्कूल 517 ही हैं। डिमांड वाले निजी सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या मात्र 90 है। निजी और गैर सहायता प्राप्त पहली से 12वीं तक के स्कूल 656 हैं। 3 हजार के करीब वे स्कूल भी हैं, जो न तो मान्यता प्राप्त हैं और न ही उन्हें सरकारी सहायता प्राप्त है। हर साल दिल्ली में प्रवेश स्तर पर दाखिले के लिए लगभग 5 लाख छात्र आवेदक होते हैं। इनके पैरंट्स की पहली पसंद ये मुट्ठी भर 247 स्कूल ही होते हैं। इसलिए दिल्ली में बच्चों को पसंद के स्कूलों में दाखिला दिलाना बेहद मुश्किल है।

यही वजह है कि पहली से 12वीं तक की कक्षा वाले स्कूलों में दाखिले के लिए भारी मारामारी मचती है। इसका फायदा स्कूल भी उठाते हैं। फिर सरकार और स्कूलों के बीच नूरा–कुश्ती अदालतों तक पहुंचती है। इन सबके बीच फजीहत होती है पैरंट्स और बच्चों की। कम क्यों हैं स्कूलः जाहिर है कि जिस तरह के ये 247 स्कूल हैं, कोई भी पूछ सकता है कि ऐसे स्कूल और क्यों नहीं हैं? एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में स्कूल शुरू करने के लिए 50 से 100 करोड़ तक के निवेश की जरूरत पड़ती है। शिक्षा एक गैर लाभकारी सब्जेक्ट है, तो बैंकों से लोन नहीं मिलता। न ही और कोई जल्दी इतने बड़े इन्वेस्टमेंट को तैयार होता है। स्कूल खोलने की लंबी प्रक्रिया इसे और कठिन बना देती है। इसके लिए सर्टिफिकेट, सर्टिफिकेट के लिए अधिकारी और अधिकारियों के लिए दस्तावेज की एक लंबी चेन होती है, जिसमें फंसने से लोग हिचकते हैं। शैलजा चंद्रा कमिटी ने वर्ष 2012 में ही इस सर्टिफिकेट की जरूरत को खत्म करने की सिफारिश की थी, जिसका अब तक अनुपालन नहीं हो सका है। स्कूल को सर्टिफिकेट के बाद मान्यता के लिए दौड़ना पड़ता है। उसके लिए फिर से वही लंबी दौड़ शुरू होती है। यह सब मिल गया तो मैनेजमेंट स्कीम के लिए सर्टिफिकेट लेना होता है, यानी स्कूल कैसे चलाना है। इन तीनों सर्टिफिकेट को हासिल करने के लिए सरकार ने 6 महीने की सीमा तय की है, लेकिन वास्तव में इस प्रॉसेस में पांच साल तक लग सकते हैं। सब कुछ मिल भी जाए तो वॉटर टेस्ट रिपोर्ट और फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट कई बार हासिल करने होते हैं क्योंकि इनकी वैलिडिटी लिमिटेड होती है। जब तक शिक्षा विभाग से सर्टिफिकेट मिलते हैं, तब तक ये सारे एक्सपायर हो चुके होते हैं। सब जगह हाल खराब रू कमोबेश यही हालत देश की दूसरी मेट्रो सिटीज की भी हैं। कहीं भी ऐसा कोई सिंगल विंडो सिस्टम नहीं है, जिससे स्कूल खोलने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों सहित बाकी जानकारियां हासिल की जा सकें। इस वजह से स्कूल खोलने वाले शिक्षा विभाग के चक्कर लगाते रह जाते हैं। शायद यही वजह है कि अब अधिकतर स्कूलों का उद्देश्य सेवा करना कम और मुनाफा कमाना अधिक होता है। बेहतर हो कि नीति निर्धारक इस समस्या का कोई समाधान तलाशें, जिससे बच्चों और पैरंट्स को वाकई राहत मिले।

# ताइवान की चिंता

ताइवान जैसी ही चिंता यूरोपियन यूनियन में भी है। दोनों जगहों पर यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनकी इंडस्ट्री को अपने यहां ले जाकर अमेरिका आखिर ये कैसी दोस्ती निभा रहा है? अमेरिका ने ताइवान की सबसे कीमती कंपनी को अपने यहां ले जाने की जो प्रक्रिया शुरू की है, उसको लेकर ताइवान में चिंता गहराना लाजिमी है। दरअसल, ऐसी ही चिंता यूरोपियन यूनियन में भी है, जहां की कंपनियों को अमेरिका अपने यहां ले जाने में लगा है। अमेरिका ने इसके लिए जो सब्सिडी घोषित की है, उसका मुकाबला करना यूरोपीय देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। तो वहां यह सवाल पूछा जा रहा है कि अमेरिका आखिर ये कैसी दोस्ती निभा रहा है? यही सवाल ताइवान में भी उठा है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टीएसएमसी का प्लांट अमेरिका में लगवाने की जो बाइडेन प्रशासन की नीति से वहां नाराजगी फैली है। इसको लेकर वहां की संसद में बहस हो चुकी है। टीएसएमसी ने बीते हफ्ते अमेरिका के एरिजोना में 40 बिलियन डॉलर की लागत से बनने वाले अपने संयंत्र का शिलान्यास किया। इस मौके पर खुद अमेरिका राष्ट्रपति बाइडेन उपस्थित हुए। इस घटनाक्रम से ताइवान के राजनीतिक और कारोबारी हलकों में ये संदेह गहराया है कि अमेरिका ताइवान की सबसे मूल्यवान कंपनी को अपने यहां शिफ्ट कराने की कोशिश में है। इसके अलावा वह टीएसएमसी को जापान और यूरोप में भी संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। ताइवान में सवाल उठा है कि क्या अमेरिका ने मान लिया है कि देर–सबेर चीन ताइवान पर कब्जा कर लेगा? क्या इसलिए वह उससे पहले ही आज के दौर में सबसे महत्त्वपूर्ण मानी जा रही इंडस्ट्री को ताइवान से निकाल लेना चाहता है? टीएसएमसी सबसे उन्नत किस्म के चिप का उत्पादन करती है। उसके चिप का इस्तेमाल एपलसे लेकर क्वैलकॉम जैसी बड़ी कंपनियां करती हैं। इसलिए ताइवान में टीएसएमसी को राष्ट्रीय धरोहर माना जाता है। ताइवान में यह धारणा रही है कि टीएसएमसी का आज दुनिया की अर्थव्यवस्था में इतना महत्त्व है कि उसके रहते दुनिया ताइवान पर चीन का कब्जा नहीं होने देगी। अमेरिका सहित तमाम देश इस कंपनी को बचाने के मकसद से भी ताइवान की रक्षा में खड़े होंगे। इसीलिए इसे ताइवान में शसिलिकॉन शील्ड्य कहा जाता है। लेकिन ताइवान के लोगों को उचित ही यह लग रहा है कि वह कवच उनसे छीना जा रहा है।

# ट्रिपल सी का धूम धड़ाका

**यह भारत यदि मुसलमानों का नहीं है तो साफ तौर पर सरकार कहे कि वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं । यूं सत्ताधारी दल के कुछ सिरफिरे मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह दे चुके हैं । आज नेहरू के कामों और निर्णयों की बहुत आलोचना होती है । ऐसा न हो कि आने वाला समय वर्तमान सत्ताधारियों को भी कोसे । सद् बुद्धि ही समतामूलक समाज बना सकती है । हमारा उद्देश्य किसी की आलोचना...**

अजय दीक्षित

आपने ट्रिपल आई.टी. का नाम सुना होगा । एक है–– आई.आई.टी. अर्थात् इण्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और दूसरा है ट्रिपल आई.टी. अर्थात् इण्डियन इन्स्टिट्यूट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी । इसी तर्ज पर ट्रिपल सी का प्रयोग चलन में है । अर्थात् कॉमन सिविल कोड हिन्दी में समान नागरिक संहिता । इसका मतलब है कि पूरे देश में सिविल मामलों में सभी के लिए एक ही कानून होगा । सिविल मामले यानि विवाह, तलाक, गोद लेना, पारिवारिक सम्पत्ति का बंटवारा, स्त्री–पुरुष सम्बन्ध, उत्तराधिकार के नियम, आदि–आदि, यानि लोगों के जीवन की दैनिक दिनचर्या सम्बन्धी मामलों में समान नियम । भारत एक विविधा भरा देश है । हमारे संविधान में भारत को यूनियन ऑफ स्टेटस कहा गया है यानि राज्यों का संघ । भारत में कई धर्म वाले, कई सम्प्रदाय वाले, भिन्न–भिन्न कुनबा वाले, भिन्न–भिन्न जाति, समुदाय के सदस्य रहते हैं । एन्थोपोलोजीकल सर्वे ऑफ इण्डिया ने एक सौ खण्डों की किताब छापी है–– पीपुल ऑफ इण्डिया । उसमें भारत के विभिन्न सम्प्रदायों, कुनबों, जातियों, धर्मों, सम्प्रदायों के रीति रिवाज, उनके रहन–सहन, उनके तौर–तरीकों का जिक्र है । अब जब से केन्द्र में भाजपा सरकार आई है और विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं वे समान नागरिक संहिता की बात करने लगे हैं । पिछले दिनों राज्यसभा में भाजपा के एक सांसद ने प्राइवेट बिल रक्खा समान नागरिक संहिता का । पहले तो इसे भाजपा के शीर्षस्थ नेतृत्व ने मना किया परन्तु बाद में बिल का समर्थन किया । बिल का विरोध करने वालों में न केवल मुसलमान थे अपितु बहुत से राजनैतिक दलों के हिन्दू, ईसाई, सिख, पारसी, जैन और बौद्ध भी थे । उनका कहना था कि भारत विविधताओं से भरा देश है । यहां कॉमन सिविल कोड लागू नहीं किया जा सकता । परन्तु उपराष्ट्रपति जो राज्यसभा के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने विचार के लिए बिल को पेश करने की स्वीकृति दे दी । असल में, बहुसंख्य हिन्दुओं वाली भाजपा मुसलमानों को सबक सिखाने के लिए यह बिल लाना चाहती है । उन्हें सखध्त एतराज है कि कोई मुसलमान चार शादियां कैसे कर सकता है । वह अपने दीनी मदरसे कैसे चला सकता है, यूं हिन्दुओं में भी ऐसी पाठशालाएं हैं जहां कम उम्र के बच्चों को ईश्वरीय शिक्षा दी जाती है । असल में गुजरात, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, कर्नाटक आदि भाजपा शासित राज्यों ने अपने–अपने राज्यों में समान नागरिक संहिता के लिए प्रतिबद्धता जताई है । अब यह तो समान नहीं हुआ ? यदि देश में समान नागरिक संहिता लानी ही है तो फिर केन्द्र सरकार पहल करे । मेरी राय में भारत में समान नागरिक संहिता आग से खेलना है । यह विविधताओं भरा देश है । एक उदाहरण लेते हैं–– विवाह । मुसलमानों में विवाह कान्ट्रेक्ट है–– हिन्दुओं में वह संस्कार है, ईसाइयों में वह रीति है, आदिवासी समाज में वह प्रथा है । सिख गुरुद्वारे में जाकर गुरु ग्रन्थ साहब के साथ नतमस्तक हो जाते हैं उसे विवाह मान लिया जाता है । ज्यादातर हिन्दू समाज में यह संस्कार है जो सात फेरों के बाद पूरा होता है । ईसाई गिरजाघर में जाकर वचन पढ़ते हैं और विवाह सम्पन्न माना जाता है । आदिवासी समाज में अलग–अलग समुदायों में अलग–अलग प्रथा है । तलाक के नियम भी अलग–अलग है । अभी तक विभिन्न सम्प्रदाय अपने धर्म या प्रथा का पालन करते हैं । आप बतलायें कि क्या भारत में सात फेरों के बाद ही विवाह माना जायेगा ? क्या यह मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों को मान्य होगा ? आदिवासी समाज में छूट की अपनी प्रथा है । असल में बिना पढ़े, बिना मनन किये, राजनैतिक दलों के सड़क छाप नेता अपनी बात रखते हैं । इन्हें न तो प्रथा, न संस्कार, न रीति–रिवाज और न ही नैतिकता का पता है । सरकारी नौकर दो शादी नहीं कर सकता । परन्तु दो–दो बीवियां रखकर व केन्द्र में मंत्री बन सकता है । रामविलास पासवान की दो पत्नियां रही हैं । दोनों से बच्चे भी हैं । मध्य प्रदेश में एक विधायक या मंत्री की चार पत्नियां हैं । हिन्दुओं में शादी संस्कार है । वह सोलह संस्कार में से एक है । अब यदि कोई विवाह के बाद चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में विवाह के कॉलम को सादाध्खाली छोड़ देता है, तो वह वैध कैसे है ? परन्तु भारत में नियम आदमी की हैसियत देखकर लागू होते हैं । सतयुग में शिव जी ने सती का त्याग इसलिए किया था कि सती ने सीता का भेष रखकर परीक्षा लेनी चाहिए थी । अब क्योंकि शिव जी सीता जी को माता मानते हैं तो सती भी माता हो गई तो फिर वे सती को पत्नी कैसे मान सकते हैं । सभी जानते हैं कि त्रेता युग में राम ने एक साधारण नागरिक के कहने पर सीता का त्याग किया है । द्वापर में कहते हैं कृष्ण ने रुक्मणी का त्याग करके चौंसठ हजार शादियां की थीं । कलयुग में कितने अपनी पत्नी का त्याग किया, सभी जानते हैं । सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास में सब का क्या अर्थ है । अच्छा हो कि सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और धुरन्धर हिन्दू धर्म शास्त्र ठीक से पढ़ लें । तो उन्हें राम और कृष्ण की सर्व समावेशी समाज की कल्पना की कुछ समझ आ जायेगी । पर्दे के पीछे का खेल बन्द होना चाहिये । यह भारत यदि मुसलमानों का नहीं है तो साफ तौर पर सरकार कहे कि वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं । यूं सत्ताधारी दल के कुछ सिरफिरे मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह दे चुके हैं । आज नेहरू के कामों और निर्णयों की बहुत आलोचना होती है । ऐसा न हो कि आने वाला समय वर्तमान सत्ताधारियों को भी कोसे । सद् बुद्धि ही समतामूलक समाज बना सकती है । हमारा उद्देश्य किसी की आलोचना करना नहीं है । किसी की गलती निकालना भी नहीं है । हम किसी खास विचारधारा के पक्षपाती भी नहीं है । हम तो भारत को विश्व का सिरमौर देखना चाहते हैं और यह ताज यदि मोदी जी को मिले तो हम तो प्रश्न ही होंगे ।

ईश्वर सबको सद्बुद्धि दे ।

**प्रकृति पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही हमारी भावी पीढ़ियों का भी है, जब हम अपने पूर्वजों के लगाए वृक्षों के फल खाते हैं, उनकी संजोई धरोहर का उपभोग करते हैं, तो हमारा दायित्व है कि हम भी भविष्य के लिए नैसर्गिक संसाधनों को सुरक्षित छोड़ कर जाएं, कम से कम अपने निहित स्वार्थों के चलते उनका दुरुपयोग तो न करें अन्यथा भावी पीढ़ी और प्रकृति माफ नहीं करेगी। कोरोना महामारी ...**

# ऊर्जा संरक्षण दिवसः वक्त की जरूरत

शशांक द्विवेदी

पिछले 10 महीनों से यूक्रेन–रूस युद्ध चल रहा है। इस दरम्यान दुनिया भर में क्रूड आयल के दामों में तेजी की वजह से ईंधन की कीमतें बढ़ी रहीं।

युद्ध की वजह से यूरोप बिजली, प्राकृतिक गैस और ऊर्जा संकट से जूझ रहा है और कुछ समय से पूरी दुनिया महंगाई व ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी क्रूड आयल आयात करता है। ऐसे में हम अपनी ईंधन और ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए ऊर्जा का सतत और निर्बाध प्रवाह बहुत जरूरी है। किसी देश में प्रति व्यक्ति औसत ऊर्जा खपत वहां के जीवन स्तर की सूचक होती है। इस दृष्टि से दुनिया के देशों में भारत का स्थान काफी नीचे है।

देश की बढ़ती आबादी के उपयोग के लिए तथा विकास को गति देने के लिए ऊर्जा की हमारी मांग भी बढ़ रही है। द्रुत गति से विकास के लिए औद्योगीकरण, परिवहन और कृषि के विकास पर ध्यान देना होगा। इसके लिए ऊर्जा की आवश्यकता है। दुर्भाग्यवश खनिज तेल, पेट्रोलियम, गैस, उत्तम गुणवत्ता के कोयले के हमारे प्राकृतिक संसाधन बहुत सीमित हैं। हमें बहुत सा पेट्रोलियम आयात करना पड़ता है। विद्युत की हमारी मांग उपलब्धता से बहुत ज्यादा है। आवश्यकता के अनुरूप विद्युत का उत्पादन नहीं हो पा रहा है।



रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि वित्त वर्ष 2021–22 में अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की मांग 1,380 अरब यूनिट थी। भारत करीब 200 गीगावॉट यानी करीब 70त्न बिजली का उत्पादन कोयले से चलने वाले प्लांट्स से करता है, लेकिन ज्यादातर प्लांट्स बिजली की बढ़ती मांग और कोयले की कमी की वजह से बिजली की अपेक्षित सप्लाई कर पा रहे हैं। देश के कोयले से चलने वाले बिजली प्लांट्स के पास पिछले 9 सालों में सबसे कम कोयले का भंडार बचा है। इस संकट की प्रमुख वजह है कोयले का आयात घटना। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कोयला आयातक भारत ने पिछले वर्षो से लगातार अपना आयात घटाने की कोशिश की। लेकिन इस दौरान घरेलू कोयला सप्लायर्स ने उतनी ही तेजी से उत्पादन नहीं बढ़ाया। इससे सप्लाई गैप पैदा हुआ। अब इस गैप को सरकार चाहकर भी नहीं भर सकती क्योंकि रूस–यूक्रेन युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले की कीमत 400 डॉलर यानी 30 हजार रु पये प्रति टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। भारत करीब 20 करोड़ टन कोयला इंडोनेशिया, चीन और ऑस्ट्रेलिया से आयात करता है लेकिन अक्टूबर, 2021 के बाद इन देशों से आयात घटना शुरू हो गया और अब भी इन देशों से आयात प्रभावित है। नतीजतन, बिजली कंपनियां कोयले के लिए पूरी तरह कोल इंडिया पर निर्भर हो गई। भविष्य उज्जवल बनाए रखने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में सभी तरह की ऊर्जाओं तथा ईंधन की बचत अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आज बचत करेंगे तो ही भविष्य सुविधाजनक रह पाएगा। हमारे विद्युत उत्पादन केंद्रों की उत्पादन क्षमता इतनी नहीं है कि बढ़ती हुई मांग की पूर्ति कर सकें। यह बात विद्युत के संबंध में ही नहीं, बल्कि पेट्रोलियम पदार्थों के संबंध में भी लागू होती है। हमें इन मुद्दों पर ध्यान देना होगा। ऊर्जा बचत के उपायों को शीघ्रतापूर्वक और सख्ती से अमल में लाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नागरिक को इसमें जुट जाना चाहिए। बचत चाहे छोटे स्तर पर ही क्यों न हो, कारगर जरूर होगी क्योंकि बूंद–बूंद से ही सागर भरता है। संभल कर ऊर्जा के साधनों का इस्तेमाल करेंगे तो ही इनके भंडार भविष्य तक रह पाएंगे। कोशिश जमीन स्तर से की जाए तो आकाश छूने में समय नहीं लगेगा बशर्ते प्रत्येक नागरिक जागरूक हो। ऊर्जा की बचत करे तथा औरों को भी इसका महत्त्व बताए। भोजन, प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार, सुख संसाधन, पर्यटन जैसी आवश्यकताओं में भी ऊर्जा के विभिन्न रूपों ने हमारी जीवन शैली में अनिवार्य स्थान बना लिया है। इस सब में भी बिजली ऊर्जा वह प्रकार है, जो सबसे सुगमता से हर कहीं सदैव हमारी सुविधा के लिए सुलभ है। इधर आपने बटन दबाया और फट से बिजली सेवा में हाजिर हुई। यही कारण है कि अन्य ऊर्जा विकल्पों को बिजली में बदल कर ही उपभोग किया जाता है। ऊर्जा बचत में सबका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि ऊर्जा का उपयोग सोच–समझ कर नहीं किया गया तो इसका भंडार जल्द समाप्त हो सकता है।



# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

मीरजापुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके ईमेल आईडी पर एक पत्र भेजकर कर्मचारियों के 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान की याद दिलाई है। महंगाई भत्ते की बकाया एरियर के भुगतान के लिए संयुक्त परिषद में फरवरी 2022 में भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि 2020 से 2021 तक कोरोना संकट काल के दौरान अर्थव्यवस्था मजबूत करने के नाम पर कर्मचारियों का जनवरी 2020 से जून 2021 तक का 18 महीने का 11: महंगाई भत्ता सरकार ने फ्रीज कर दिया था। 1 जुलाई 2021 से पहले 18 महीने तक देश के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का कोई भुगतान नहीं किया गया। 30 जून, तक कर्मचारी 17: की दर से महंगाई भत्ता पाते रहे जबकि महंगाई भत्ता 28: हो गया था। 1 जुलाई 2021 से कर्मचारियों को 28: महंगाई भत्ते का लाभ दिया गया। कर्मचारियों का 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक 18 महीने का महंगाई भत्ते का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जे एन तिवारी ने बताया है कि अब देश कोरोना से मुक्त चुका है, आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो चुकी है। ऐसी स्थिति में अब महंगाई भत्ता रोके रखे जाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा है कि 2024 में लोक सभा चुनाव है, 2023 चुनावी वर्ष है। चुनावी वर्ष में अन्य वर्गों के साथ–साथ कर्मचारियों को भी सरकार से बहुत अपेक्षाएं हैं। जे एन तिवारी ने प्रधानमंत्री को 18 महीने के महंगाई भत्ते के एरियर के भुगतान के साथ–साथ पुरानी पेंशन की बहाली, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किया जाना, आयुष्मान कार्ड योजना की तर्ज पर कर्मचारियों के लिए 1000000 का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाना, आउट सोर्स प्रथा बंद करते हुए आउटसोर्सिंग, संविदा पर रखे हुए कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति दिए जाने, आयकर की सीमा बढ़ाए जाने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों के मुद्दे पर निर्णय बहुत जरूरी है। 2023 में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर निर्णय नहीं हुआ, तो 2024 के चुनाव में मुश्किलें खड़ी हो सकती है।

### शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही

# छुट्टी के बाद बंद कमरे में मिला बच्चा बच्चे को क्लास में बंद कर गए टीचर

हरदोई। छुट्टी के बाद मासूम को क्लास में बंद कर टीचर चले गए। जब रोने की आवाज सुनी तो परिजन खोजते हुए पहुंचे और तब जाकर बच्चे को बाहर निकाला गया। यह मामला शहर के बेहंदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत रसूलपुर का है।जिले में बेंहदर ब्लाक के ग्राम पंचायत रसूलपुर बम्हनान में स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों ने नया कारनामा कर दिया है। यहां कक्षा एक का छात्र पढ़ने के लिए स्कूल गया था। छुट्टी होने पर विद्यालय के अध्यापकों ने छात्र को कमरे में ही बन्द कर ताला डाल कर घर चले गए। छुट्टी होने पर छात्र घर नहीं पहुंचा तो परिजन इधर–उधर तलाश करने लगे। तकरीबन 5 बजे के करीब विद्यालय के कक्ष से रोने की आवाज आई तो गांव वालों ने जाकर देखा कि छात्र कक्षा में बंद है। परिजनो ने अध्यापक को बुलाकर तत्काल परिसर का ताला खुलवा कर छात्र को बाहर निकलवाया छात्र काफी डरा सहमा हुआ है।बेहंदर ब्लाक के ग्राम पंचायत रसूलपुर निवासी रमेश ने बताया कि उसका 6 वर्षीय पोता विनय पढ़ने के लिए गांव के स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय बम्हनान में गया था। छुट्टी होने पर विद्यालय के जिम्मेदारों ने बच्चे को कक्ष में बंद कर घर चले गए छुट्टी होने के बाद जब छात्र घर नहीं पहुंचा तो इधर–उधर तलाश की। काफी खोजबीन के बाद कहीं सुराग नहीं लगा। शाम करीब 5 बजे विद्यालय कक्षा से रोने की आवाज आई तो ग्रामीणों ने जाकर देखा कि स्कूल से बच्चे की रोने की आवाज आ रही है। विद्यालय की बाउंड्री को कूदकर विनय के चाचा योगेश ने खिड़की से झांक कर देखा तो उनका भतीजा कमरे में जोर जोर से रो रहा था।

## अज्ञात वाहन के धक्के से 5 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित पटेल नगर के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 वर्षीय बालक घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना लहंगपुर चौकी पर देते हुए एंबुलेंस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंचकर घायल बालक को लेकर मंडलीय अस्पताल उपचार कराने के लिए परिजन ले गए। घटना की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत दोपहर बाद पटेल नगर के सामने हसन अली का 5 वर्षीय पुत्र दिलशाद अली निवासी तेंदुआ कलां थाना लालगंज अपनी बुआ मेहरून के साथ लहंगपुर बाजार आ रही थी कि रोड पार करते समय पटेल नगर के सामने लालगंज से मीरजापुर की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पर मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना लहंगपुर चौकी के साथ एंबुलेंस को सूचित किया। सूचना मिलने पर 108 नंबर एंबुलेंस से घायल दिलशाद अली को गंभीरावस्था में मंडलीय अस्पताल उपचार कराने के लिए परिजन ले गए।

# पेशनर्स दिवस पर मुख्य कोषाधिकारी ने कम्बल देकर सम्मानित किया







दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पेशनर्स दिवस आयोजन मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार की अध्यक्षता एवं अपर उपजिलाधिकारी सन्त कुमार, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड आर0के0सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। पेशनर्स दिवस के अवसर पर मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार ने जनपद के उपस्थित पेशनर्स को पेशनर्स दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। पेशनर्स दिवस के अवसर पर उपस्थित पेशनर्स द्वारा विभिन्न विभागों के पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को बधाई दी गयी। पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि पेंशनर्स दिवस का आयोजन वर्ष 2016 से प्रत्येक वर्ष 17 दिसम्बर को मनाया जाता है। पेशनर्स दिवस को हमें पूरी खुशी के साथ मनाना चाहिए। हम सभी के सहयोग से यह सम्भव हुआ है कि एक दिन हम सभी लोग एकत्रित होते है। पेशन मिलने से हम लोगो का जीवन यापन आसानी से होता है। हमे अपने परिवार पर आश्रित नही रहना पड़ता। 80 वर्ष से ऊपर के पेशनर्स को माला पहनाकर एवं उन्हें कम्बल देकर सम्मानित किया गया। दूर–दराज से आये हुए पेंशनरों की समस्याओं को मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार द्वारा सुना गया तथा तत्काल निस्तारण कराया गया। पेंशनर एशोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश यादव तथा रामशंकर यादव आदि लोगों ने पेंशनरों की समस्याओं को मुख्य कोषाधिकारी को अवगत कराया। मुख्य कोषाधिकारी ने तत्समय ही उसका निस्तारण करा दिया। मुख्य कोषाधिकारी श्री विनोद कुमार ने सम्मानित पेंशनरों से अपील किया कि आप सभी लोगों को पेंशन से समयाव्यतीत यदि कोई भी समस्या आती है तो उसे मुझे तत्काल अवगत करायें जिससे मेंरे द्वारा प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार द्वारा उपस्थित सभी पेंशनर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं आभार प्रकट किया गया। उक्त अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त लेखाकार कोषागार कार्यालय अरूण कुमार मिश्र, जमुना प्रसाद आर्य, पदुमनाथ, चन्द्रप्रकाश गुप्त, सहायक लेखाकार कोषागार कार्यालय अजीत प्रताप सिंह, चीफ कैशियर जय प्रकाश, राम जी, सन्त प्रकाश, विनोद कुमार, राम प्रकाश, तथा दूर दराज से आये पेशनर्स आदि उपस्थित थे।

## सीडब्ल्यूआर टंकी की सफाई कार्य पूर्ण, शाम तक सात वार्डो में बहाल होगी जलापूर्ति

मीरजापुर। सीडब्ल्यूआर टंकी की सफाई और मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। नगर के इन सात वार्डो उत्तरी सबरी, दक्षिणी सबरी, संगमोहाल, बुंदेलखंडी, महन्त शिवाला एवं गणेशगंज में शाम तक जलापूर्ति बहाल कर दी जायेगी। बता दे गंगा प्रदूषण के परियोजना प्रबंधक को नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सोलह दिसम्बर तक सीडब्ल्यूआर की टंकी की सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण कर हर हाल में जलापूर्ति बहाल करने का कड़ा निर्देश दिया था। बीते सात दिसंबर से टंकी की सफाई होने के कारण जलापूर्ति बाधित थी। 3150 किलो लीटर क्षमता वाली इस टंकी की सफाई के दौरान भारी मात्रा में शिल्ट निकाली गयी है। जलकल अभियंता सुधीर वर्मा ने कहा कि सीडब्ल्यूआर की टंकी की सफाई और मरम्मत का कार्य पूरा कर पानी को स्टोर किया जा रहा है।देर शाम तक इन सात वार्डों में पहले की तरह जलापूर्ति बहाल हो जायेगी।

## जीवन और मृत्यु के बीच के काल को सुहेला बनाता हैं निरंकारी मिशन:कैलाश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

- **84 लाख जन्म के बाद मनुष्य जन्म मिलता हैं**
- **मानव जन्म में ही परमात्मा को जान सकते हैं**

सिद्धार्थनगर। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित संतसंग समारोह को सम्बोधित करते हुए जोनल इंचार्ज कमलेश मणि





त्रिपाठी ने कहा यहा उस गुरु की बात की जाती हैं जो आत्मा को परमात्मा से मिला देता हैं। जो कण कण में विद्यमान हैं। सतगुरु सुदीक्षा जी एक पल में पूरे विश्व को ज्ञान देने कार्य कर रही हैं। शनिवार को पकड़ी के सेंट्रल एकेडमी स्कूल में आयोजित सतसंग समारोह में जोनल इंचार्ज ने कहा 84 लाख योवनियो में सबसे अच्छा मनुष्य को ही बताया गया हैं। जो सोच सकता हैं अपने बिचार रख सकता हैं। अगर इस बार के जन्म में नही जागे तो फिर उसी चौरासी में जाना पड़ेगा। संत युगों युगों से आवाज लगाकर ज्ञान दे कर परोपकार करते चले आ रहे हैं। जन्मों जन्म से तड़पने वाले को आत्मा को परमात्मा से मिलकर अहसान का कार्य एक सच्चा गुरु ही करते हैं।इस जन्म में इंसान इंसान का नाता जुड़ता हैं। जिस परमात्मा ने तन व जीवन दिया उसको जानना चाहिए। जीवन मिलने के बाद इंसान दौड़ लगा रहा हैं धान, रुतबा हासिल करना चाह रहा हैं। जबकि मनुष्य जन्म का सबसे बड़ा कार्य परमात्मा की जानकारी करना ही हैं। इस दर पर जिवन और मृत्यु के बीच के काल को सुहेला बना सकते हैं। गुरु पर विश्वास करना चाहिए बिना विश्वास के भक्ति नही हो सकती हैं। यह ज्ञान दुख और सुख से ऊपर हैं। मिशन एक ऐसा दरबार हैं कि जो जिस मन से आता उसे वैसे ही परमात्मा की प्राप्ति करता हैं। सत गुरु इस जग में सुख देने आता हैं। गुरु के चरण में आने से ही मुक्ति मिल जाती हैं। जहा ब्रह्मज्ञानी आते हैं वह धरती धन्य हो जाता हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय पासवान, आयोजक साधना, अनूप पासवान, सत्य नारायण, मुखी डा. राजाराम यादव, घनश्याम सिंह, डा. सुनील श्रीवास्तव, हरिराम पासवान, रामप्यारे, पार्वती, शांति देवी, राम सुमेर, बृजमोहन आदि लोगो ने अपना बिचार रखे। संचालन राम औतार मोर्य ने किया। समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जीएसटी जांच के नाम के पर व्यापारियों के उत्पीड़न पर सड़क पर उतरे सपाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विजय यादव





समाजवादी के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को सपाई कार्यकर्ता सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव के अगुवाई में भाजपा सरकार के इसारे पर में जीएसटी जांच के नाम पर व्यापारियों का व्यापक पैमाने पर उत्पीड़न, लगातार दुकानों पर छापामारी से व्यापारी परेशान करने तथा खाद बीज के संकट एवं बंद धान क्रय केन्द्र के मुद्दे पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर जिलाधिकारी के गैरमौजूदगी में न्यायायिक उपजिलाधिकारी सदर संत कुमार को राज्यपाल के नाम संबोधित 9 सूत्रीय मांगों के समाधान का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा लगा लगाने वाली सरकार ने सभी वर्ग के लोगो को सत्ता में आने के बाद परेशान करने पर तुली है। व्यापारियों के कारोबार को फर्जी तरीके से जांच कराकर चौपट करने पर तुली है। धान क्रय केन्द्रों को सिर्फ कागजों में चलाया जा रहा है। नगर पालिका के आरक्षण में व्यापक पैमाने पर धांधली किया गया। जिसका परिणाम यहां के 11 नगर निकाय चुनाव के आरक्षण में दलित वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षण में नहीं मिला। जिसके कारण 21 फीसद दलित वर्ग भाजपा सरकार के शौतले नीति से आहत है। पूर्व नपा अध्यक्ष बांसी व सपा निवर्तमान राष्टीय सचिव महिला सभा चमन आरा ने कहा कि महिलाओं के साथ बीजेपी सरकार भेदभाव कर रही है। जिसके कारण रोजमर्रा के समानों में बेताहा बृद्धि कर दिया है। इसके साथ बांसी क्षेत्र के अशोक नगर, गौतमबुद्ध नगर आदि जमींदारी उन्मूलन के पूर्व सैकड़ों साल से बसे व्यापारियों को उजाड़कर उनके ऊपर भारी भरकम जुर्माना लगाकर कर परेशान कर रही है। जुर्माना वसूली को तत्काल निरस्त करें। इस दौरान विधायक सैयदा खातून, पूर्व विधायक विजय पासवान, महासचिव कमरुज्मा खान, नगर पालिका अध्यक्ष बांसी मोहम्मद इद्रीश पटवारी राइनी, नपं अध्यक्ष उसका बाजार सुरेश यादव, प्रधान राम सेवक लोधी, डाक्टर प्रमोद यादव, विजय अग्रहरि, विजय चौधरी, अंबिकेश श्रीवास्तव, चौधरी, मो. जफर, अजय यादव, कलाम सिद्दीकी, घनश्याम जायसवाल, शैलेन्द्र शर्मा, जावेद आलम चुन्ने, गोपाल प्रसाद, राकेश दूबे, रोहित श्रीवास्तव, विश्वभर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि उक्त धरने में कतिपय नपा के भावी प्रत्याशी व उनके सर्मथक धरना प्रदर्शन में नजर नहीं आए।

# पीडी ने बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक में पीडी नरेंद्र त्रिपाठी ने शनिवार को बैठक कर दिशा निर्देश भी दिया साथ में आवास के संबंध में, जॉब कार्ड के संबंध में, जियो टैगिंग, आधार बेस्ड पेमेंट के संबंध में निर्देश भी दिए समस्त सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक किए। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल, ग्राम विकास अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता, अलका वर्मा, अखिलेश यादव, राहुल यादव, मुकेश, मनोज आदि लोग रहे मौजूद।

# पाकिस्तान आतंकवादीयों को संरक्षण देने वाला देश: सांसद जगदंबिका पाल

## भाजपाइयों ने पाकिस्तानी मंत्री बिलावल भुट्टो का फूका पुतला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी पर टिप्पडी करने पर भाजपाइयों ने पाकिस्तानी मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूका। भाजपाइयों ने भाजपा जिला कार्यालय से पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट के सामने पहुंचकर पुतला फूका, इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता है पाकिस्तानी नेता द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय है पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मान रहा है। पूरे देश में पाकिस्तान और उनके नेता के विरुद्ध पुतला फूंक कर आक्रोश जताया जा रहा है पाकिस्तानी आवाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रही है और अपने नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीख लेने की सलाह दे रही है पाकिस्तान के नेता अपने देश की हालात पर चिंता करने की वजह है इधर उधर की बातें कर कर अपने देश की जनता का ध्यान भटका रहे हैं इस दौरान कपिलवस्तु के विधायक श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव, डुमरियागंज पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री विपिन सिंह, हेमंत जायसवाल, बिंदुमति मिश्रा, कन्हैया पासवान, फतेहबहादुर सिंह, सुबाष दूबे, भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल (सोनू), बलराम कुलश्रेष्ठ आदि भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजुद रहें।

# गलन बढ़ते ही अस्पताल में आई मरीजों की बाढ़

## सांस, अस्थमा, एलर्जी, निमोनिया, बुखार, पेट दर्द से पीड़ित लोग पहुंचे जिला अस्पताल

देवरिया। दो दिन से गलन बढ़ गई है। इसका असर सांस, अस्थमा, एलर्जी के मरीजों पर दिख रहा है। मेडिकल कॉलेज के चेस्ट व टीबी विभाग में इन बीमारियों के मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। ठंड बढ़ने से छोटे बच्चे भी तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। ऐसे में डॉक्टरों ने खासकर बच्चों और बूढ़ों को विशेष सतर्क बरतने की सलाह दी है। मरीजों के अचानक बढ़ने से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है। दवाओं की कमी होने के चलते लोग बाहर से दवाएं खरीदने को मजबूर हैं।

दो दिन से हवा चलने से मौसम बदल गया है। गलन बढ़ गई है। थोड़ी सी लापरवाही बच्चों व बुजुर्गों पर भारी पड़ रही है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में सांस, निमोनिया, बुखार, पेट दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया। ओपीडी के चेस्ट एवं टीबी विभाग में दो दिन से मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

चिकित्सक कक्ष के बाहर भीड़ थी। कुछ लोग कुर्सी पर बैठकर प्रतीक्षा कर रहे थे। चिकित्सकों ने 120 से अधिक मरीजों का इलाज किया। इसमें सांस, अस्थमा से पीड़ित लोगों की संख्या ज्यादा थी। उन्हें दवा और इन्हेलर लेने को कहा गया। वहीं, क्षय रोग के करीब 10 मरीजों का इलाज किया गया।

उधर, एमसीएच विंग स्थित बाल रोग विभाग में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर लंबी लाइन में खड़े थे। इलाज के लिए उन्हें एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसमें अधिकतर बच्चे बुखार, निमोनिया, पेट दर्द से पीड़ित थे। कुछ महिलाएं बच्चों को लेकर फर्श पर बैठी दिखीं। बाल रोग विभाग में चिकित्सक ने तकरीबन डेढ़ सौ बच्चों का इलाज किया।

निमोनिया से पीड़ित गंभीर करीब पांच बच्चों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य को दवा दी गई। गंभीर रूप से बीमार पांच मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य को दवा देकर घर भेज दिया गया। अस्पताल में कुछ दवाएं न होने के कारण लोगों को बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। ऐसे में लोगों को परेशानी हो रही है।

थोड़ी सी लापरवाही पड़ सकती है भारीः चेस्ट एवं टीबी विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अनुराग शुक्ला ने बताया कि ठंड के मौसम में एलर्जी, अस्थमा व सांस के मरीजों को खतरा बढ़ जाता है। मुंह से सांस लेने से ठंडी हवा जाती है। ठंड से नली सिकुड़ जाती है। नाक से सांस लेने से गर्म हवा जाती है। एलर्जी से सर्दी, जुकाम, आंख में खुजली, पानी आना, सिर दर्द होता है। अस्थमा में सांस फूलने लगता है। ऐसे में सावधानी आवश्यक है।

बच्चों पर रखे विशेष ध्यान

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि ठंड का बच्चों पर ज्यादा असर पड़ता है। ठंड से गले में संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है। इससे बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी के बाद इंफेक्शन फेफड़े में उतरने पर निमोनिया हो जाता है। ठंड से सांस लेने में परेशानी, बुखार, उल्टी, पेट दर्द, गैस बनना, आंत में सूजन, भूख नहीं लगती है। ऐसे में बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

इन दवाओं की है कमीः अस्पताल में मरीजों को सभी दवाएं नहीं मिल रही हैं। इस समय सांस की बीमारी से पीड़ित लोग व बच्चों के लिए दवा की कमी है। लीओ सिट्रीजीन व मांटेलुकास्ट टैबलेट, सांस का इंजेक्शन ट्राइमाकार्ट, गैस का इंजेक्शन, दर्द की दवा एसेक्लोफेनिक, डाइक्लोफेनिक, इप्सोलीन इंजेक्शन की कमी है। इसे लोगों को बाहर से खरीदनी पड़ रही है।

ये बरतें सावधानीः सांस के मरीज मास्क पहनें, हाथ धोकर खाना खाएं घी, पापड़, अचार, खटाई, चाय का सेवन न करें, फल खाएं ठंड से बचने के लिए टोपी, मोजा व अच्छे से कपड़ा पहनें ठंडी हवा, धूल, धुआं से बचें, सुबह प्राणायाम व योग करें बच्चों को गर्म कपड़े पहनाकर रखें बच्चों को बाहर की चीजें खाने को न दें, गर्म भोजन, दूध, दाल, सूप व मौसमी फल दें खुली ठंडी हवा में अनावश्यक न घूमने दें साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें

# डिज्नीलैंड मेले में फंदे से लटका मिला युवक का शव

देवरिया। शहर के शुगर मिल ग्राउंड में लगे डिज्नीलैंड मेले में रात बांस से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ एक युवक का शव मिला। युवक मेले में गुब्बारा बेचता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घरवालों को सूचित कर दिया है। बिहार जनपद के नालंदा जिले में स्थित औंगारी थाना के रसिया गांव के रहने वाले हर्ष आनंद (23) पुत्र अशोक सिंह कुछ दिन पहले जनपद में किसी काम से आए थे। उस दौरान पता चला कि शुगर मिल ग्राउंड में डिज्नीलैंड मेला लग रहा है। इसमें वह गुब्बारे की दुकान लगाए थे। रात बांस के सहारे दुपट्टे से लटका हुआ देखकर मेले के अंदर दुकान लगाए दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को इसकी सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सदर कोतवाल कपिल देव चौधरी ने बताया कि युवक का शव डिज्नीलैंड मेले में दुपट्टे के सहारे लटके हुए मिला है। छानबीन की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद कोई कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल कपिलदेव चौधरी ने बताया कि डिज्नीलैंड मेले में फंदे से लटका युवक का शव मिला है। छानबीन की जा रही है।

# छेड़खानी–मारपीट में पांच लोगों पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में भाभी के साथ घर में बैठी एक युवती से मनबढ़ों ने छेड़छाड़ की। युवती ने विरोध किया तो मनबढ़ों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ..पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के निर्देश के बाद देर रात कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती अपनी मां, भाभी तथा भाई के साथ रहती है। आरोप है कि चार नवंबर को सुबह 11 बजे उसकी मां दवा लाने के लिए बाजार चली गईं। उसका भाई कहीं काम पर निकल गया। वह अपनी भाभी के साथ घर में बैठी थी। इसी बीच मईल थाना क्षेत्र के कुछ लोग उसके घर में घुस गए और उससे छेड़छाड़ करने लगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने मईल थाना क्षेत्र के अंडिला गांव निवासी विकास, संजय, मुकेश, अजय व सुनील के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बाबत कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। इसकी विवेचना सीओ सलेमपुर कर रहे हैं।

# नशीली दवाओं के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने सूचना के आधार पर अंतरराष्ट्रीय गिरोह के एक सदस्य को अधिक मात्रा में नशीली दवाओं की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी दवाओं को नौतनवां में युवक को देकर, फिर वहां से नेपाल भेजता था। शाम स्पेशल टास्क फोर्स को सूचना मिली कि भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नशीली प्रतिबंध दवाओं का धंधा हो रहा है। टीम ने पीपीगंज भगवानपुर चौराहे पर एक चार पहिया वाहन का पीछा कर पकड़ लिया। कार की जांच में 2700 प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आमिर खान निवासी ग्राम सुकरौली थाना सोनौली बताया। उसने बताया कि नौतनवां में एक कपड़े की दुकान है। उसने पीपीगंज से इंजेक्शन लाने के लिए कहा था। इंजेक्शन नेपाल भेजा जाता है। एसटीएफ इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पकड़ा गया युवक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सदस्य है। पूछताछ में पता चला है कि युवक कई वर्षों से नशे के धंधे में लिप्त है। इसके पूर्व नशीली दवाओं का धंधा करने के आरोप में गैंगस्टर में अभी जेल से छूट कर आया था। युवक के खिलाफ पीपीगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गैरहाजिर दो जिला समन्वयकों का रोका मानदेय

महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने फरेंदा ब्लॉक सभागार में विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की। बैठक के दौरान अनुपस्थित रहने पर उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात जिला समन्वयक निर्माण व जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन का मानदेय अगले आदेश तक रोक दिया है। यह भी कहा है कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों के चहारदीवारी के उच्चीकरण के लिए तीन–तीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी व सभी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जिले में चल रहे मनरेगा पार्क, स्टेडियम व खेल मैदान से संबंधित निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह भी कहा कि जर्जर विद्यालय भवनों को सूची के अनुसार नीलाम कराते हुए उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे समय से पोर्टल पर पैरामीटर को अपलोड कराते रहें। इस दौरान प्रशिक्षु एसडीएम अमित गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनो हेतु आयोजित होने वाले शिविर की तिथियां संशोधित

कुशीनगर । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनुरिता ने बताया कि जनपद में मेसर्स आराध्या इण्टर प्राइजेज रतलाम म0 प्र0 द्वारा दिनांक 03–12–2022 से कृत्रिम अंगध्कैलिपर्स हेतु शिविरों का आयोजन कर जनपद के दिव्यांगजनो को लाभान्वित किया जा रहा है। जिसके क्रम में विकास खण्ड परिसर मोतीचक का विकास खण्ड मोतीचक एवं कप्तानगंज के दिव्यांगजन दिनांक 17–12–2022 को प्रातः 11 बजे से उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार विकास खण्ड परिसर सुकरौली में विकासखंड सुकरौली के दिव्यांगजनो हेतु दिनांक 19–12–2022 को प्रातः 11.00 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि उक्त शिविर में ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंगध्कैलिपर्स , ट्राइसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन आदि की आवश्यकता हो वो अपने साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं दो फोटो के साथ समय से उपस्थित हो। जिससे उनके लिये हाथ–पैर एवं कैलिपर्स बनवाकर लाभान्वित कराया जा सके।

# निकाय चुनावः नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नामित

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की अधिकारियों की संशोधित सूची

महराजगंज। जिले के दो नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में निकाय चुनाव को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी को तैनात करते हुए उनके कार्यों का निर्धारण कर दिया है। पहले जारी की गई सूची में संशोधन करते हुए जहां कुछ अधिकारियों को दूसरी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, कुछ लोगों को नए सिरे से कार्य करने के लिए लगाया गया है। मतदान कार्मिक व्यवस्था के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। पोस्टल बैलेट व मतपत्र व्यवस्था के लिए बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी को नोडल व दो चकबंदी व दो सहायक चकबंदी अधिकारी को सहायक नोडल बनाया गया है। यात्रा भत्ता, वेबकास्टिंग व व्यय अनुवीक्षण टीम के लिए मुख्य कोषाधिकारी को नोडल व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिकायत प्रकोष्ठ व नियंत्रण कक्ष में सहायक निबंधक सहकारिता को नोडल तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी व अपर सांख्यिकी अधिकारी को सहायक नोडल के रूप में तैनात किया गया है। आदर्श आचार संहिता व कानून व्यवस्था के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल तथा सभी उप जिलाधिकारी को सहायक नोडल बनाया गया है। टेंट फर्नीचर व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता को मिला दायित्वः टेंट फर्नीचर व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को नोडल तथा तीन अवर अभियंता, एसडीओ विद्युत निगम व सभी अधिशासी अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परिवहन व्यवस्था के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नोडल व एआरटीओ व जिला पूर्ति अधिकारी को सहायक नोडल बनाया गया है। वीडियोग्राफी व वेबकास्टिंग के लिए डीपीआरओ को नोडल तथा एडीपीआरओ व डीपीएम को सहायक नोडल, चिकित्सा व्यवस्था के लिए सीएमओ को नोडल व एसीएमओ को सहायक नोडल, प्रेक्षक व्यवस्था के लिए जिला आबकारी अधिकारी को नोडल व तहसीलदार, सहायक अभियंता सिंचाई खंड प्रथम व सभी सब रजिस्ट्रार को सहायक नोडल बनाया गया है। खानपान व पेयजल व्यवस्था के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को नोडल तथा खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी व वरिष्ठ निरीक्षक खाद्य को सहायक नोडल बनाया गया है।

# बौद्ध विहार की बाउंड्री तोड़ने वालों पर कार्यवाही नहीं होने से बौद्ध भिक्षु आक्रोशित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

कैम्पियरगंज/गोरखपूर। कैम्पियरगंज के सोनौली हाईवे पर स्थित बौद्ध विहार की बाउंड्री तोड़ने वालों पर कार्यवाही नहीं होने से आक्रोशित बौद्ध भिक्षुओं और बौद्ध अनुयायियों ने हाथ में झंडा लेकर कैम्पियरगंज बौद्ध विहार से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकाल कर तहसील का घेराव किया। और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। एसडीएम ने धरनारत लोगों से वार्ता कर तोड़े गए बाउंड्री का वेरिकेटिंग कराने का आश्वासन व न्यायालय तक निर्णय होने तक दोनों पक्ष को संयम बरतने की बात कहकर धरना समाप्त कराया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भंते उत्तरानंद ने कहा कि कैम्पियरगंज के ग्राम बसन्तपुर में सोनौली मार्ग पर ऐतिहासिक बौद्ध भूमि स्थित है। धार्मिक महत्व के नाते सदियों से बौद्ध अनुयाई यहां रुकते हैं और ध्यान पूजा पाठ करते चले आ रहे हैं। इस स्थल पर भगवान बुद्ध की मूर्तियां भी स्थापित है। उन्होंने कहा कि स्थल के ऐतिहासिक,पुरातात्विक और धार्मिक महत्व को देखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 1997 में सरकारी खर्च्चे से यात्री विश्रामालय का निर्माण व संपूर्ण परिसर की बाउंड्री करवाया था। सोनौली हाइवे पर स्थित होने के नाते इस जमीन की काफी कीमत है इसलिए माफिया इसे लगातार कब्जा करने के प्रयास में लगे रहते हैं। जिसको लेकर तहसील व पुलिस प्रशासन को कई बार अवगत कराया। परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। परिणामतरू दबंगों का मनोबल बढ़ता गया और 11 दिसम्बर की भोर में कुछ लोगों के साथ अचानक बौद्ध विहार की बाउण्ड्रीवाल तोड़कर अन्दर घुस गये। भन्तों को मारा पीटा निर्माण समान क्षतिग्रस्त कर दिया। भन्तो द्वारा पीआरबी 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची पर तोड़फोड़ कर रहे लोगों को नहीं रोका,उल्टे तोड़फोड़ रोकने का आदेश मांगने लगे। जिससे पता चलता है कि बौद्ध विहार में यह तोड़फोड़ पुलिस और भ्रष्ट तहसील कर्मियों की मिलीभगत से हुआ है। उन्होंने कहा कि बौद्ध विहार का दीवाल निर्माण होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। पूर्वांचल सेना के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव सन्निकट है। ऐसे में यह घटना के पीछे गहरी साजिश है। यह घटना समाज में अराजकता व धार्मिक विद्वेष फैलाने और वाली है। उन्होने संपूर्ण मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और जांच में तहसील व पुलिस कर्मियों के भूमिका की भी विशेष जांच कराई जाने की मांग किया। इस दौरान कन्हैया गौतम, पवन राणा, शंकर प्रसाद, भंते मुख्य रतन, भंते धर्मपाल, भंते तेना सिंह, भंते मधुबन, भंते सागर, भंते विष्णु, भिक्षुणी संघमित्रा, भिक्षुणी पटाचारा, सतीश त्यागी, भिक्षुणी राजकुमारी बौद्ध, प्रमोद कुमार, जवाहिर भारती, अनिल कुमार, राजेश, जितेंद्र गौतम, कमलेश भारती, सत्यनारायण, मनजीत आर्य, सुधिराम रावत, चंद्रेश कुमार, जितन प्रसाद, अनिल कुमार बौद्ध, डॉक्टर शहाब हाशमी, रोहित, जोगेंद्र, विकास, विजय, बैजनाथ, राजन गुप्ता, मोहित, रामप्रीत, घिसियावन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।





# गोला तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## 78 मामलों में मात्र 8 का हुआ निस्तारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार,गोरखपुर। गोला तहसील सभागार में शनिवार को शासन के



निर्देशानुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम गोला रोहित कुमार मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। एस पी ग्रामीण अरुण कुमार सिंह ने जिला मुख्यालय से गोला तहसील सभागार में पहुच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए फरियादियो की पीड़ा को सुना। साथ ही तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ला सी ओ जगतराम कन्नौजिया एन टी पंकज कुमार गुप्ता बी डी ओ गोला रघुनाथ सिंह बी डी ओ बड़हलगंज सुरेश मौर्य उरुवा सत्यकाम तोमर आदि ने भी जनता के पीड़ा को बिधिवत सुना और निस्तारण कराने का भरपूर प्रयास किया। इस समाधान दिवस पर राजस्व पुलिस खाद्यान बिकास से सम्बंधित अधिकांश मामले आये। लेकिन समाधान संतोषप्रद नही रहा। इस समाधान दिवस पर कुल 78 मामले आये जिसमे कुल 8 मामलों का निस्तारण हुआ।शेष ममलोको समयावधि के अंदर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए एस डी एम ने कहा। इस समाधान दिवस पर प्रमुख रूप से संजय सिंह अनिल सिंह राजेश प्रसाद रमेश पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सदर तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने फरियादियों की सुनी फरियाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सदर



नेहा बंधु की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ समाधान दिवस में आए हुए समस्त फरियादियों की समस्याएं से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने रूबरू होते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आज सदर तहसील सभागार में सदर तहसील अंतर्गत आए हुए समस्त फरियादियों की समस्याओं का निदान किया गया ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् एसडीएम सदर नेहा बंधु ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील समाधान दिवस में आए हुए समस्त फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्ता युक्त बिना किसी भेदभाव के समुव्द तरीके से निस्तारण किया जाए फरियादी को बार–बार तहसील का चक्कर ना लगना पढ़े और उनकी समस्याओं का गुणवत्ता युक्त निस्तारण हो सके किसी फरियादी को अगर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बार–बार परेशान करने की कोशिश करता है उसकी शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसलिए संबंधित अधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए आए फरियादियों की समस्याओं का निदान गुणवत्ता युक्त तरीके से करें सभागार में अधिकतर जमीनी तथा पारिवारिक विवाद के मामले आए हुए थे जिनका गुड दोष के आधार पर निस्तारण किया गया जिन समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया उन मामलों में संबंधित अधिकारियों के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजकर निस्तारित करने के लिए कहा गया अगले समाधान दिवस तक उनके समस्याओं का निदान हो जाना चाहिए जिससे अगले समाधान दिवस पर किसी फरियादी को भागदौड़ ना करना पड़े संपूर्ण समाधान दिवस में आज प्रमुख रूप से क्षेत्राधिकारी कैंट योगेंद्र सिंह सदर तहसीलदार विकास सिंह नायब तहसीलदार वशिष्ठ वर्मा नायब तहसीलदार विकास कुमार नायब तहसीलदार प्रमोद श्रीवास्तव नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न
## पाकिस्तान के बिदेश मंत्री के अभद्र टिप्पणी पर प्रकट किया आक्रोश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की एक आवश्यक बैठक भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी बैठक में बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के महामंत्री व जिला प्रभारी सोनभद्र अशोक चौरसिया व विशिष्ट अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह मौजूद रही बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया, विशिष्ठ अतिथि दर्शना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक व निकाय चुनाव कि तैयारी की समीक्षा व आगे की रणनीति तय की। तत्पश्चात् पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर भारतीय जनता पार्टी के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बिलावल भुट्टो मुर्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाजपा जिला कार्यालय से जूलूस के साथ पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार पुसौली पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को वार्ड के नीचे बूथ उसके नीचे गली फिर पन्ना प्रमुख तक की ईकाई को मजबूत करना है तथा हर पन्ने पर हमारे विचार परिवार के जीतने भी लोग है, उनके सूची तैयार करना जो सदा किसी भी परिस्थिति में हमारे साथ खडे रहते है, तथा निकाय स्तर



पर काल सेण्टर बनाकर ऐसे प्रबुद्धजनों से लगातार संपर्क किया जाय। साथ ही जिले से नीचे बूथ के हर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की आवश्यकता है, शनिवार को दुनिया का जो सबसे बडा व्यवसायिक समूह है जी 20 इसकी अध्यक्षता हमारा देश करने जा रहा है यह हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के कर्मो का फल है, यह मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत के बढते कद की पहचान है, और आज विश्वगुरु के रुप मे जी 20 की अध्यक्षता करने जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में कमल खिले कार्यकर्ता अत्यधिक आत्मविश्वास मे ना रहे जमीन पर कार्य करते हुए कमल के फुल को अपना प्रत्याशी मान सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी कार्यकर्ताओं का विश्वास निरंतर कमल खिलाने मे रहे केन्द्र व राज्य सरकार अनगिनत कल्याणकारी योजनाएं है, जिसको आम जन को स्मरण कराते हुए अपने नगर मे भी अपनी सरकार बनाएं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट करते हुए चप्पा चप्पा कमल खिलाने का कार्यकर्ताओं का मंत्रदेते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के शक्ति व सरकार के कार्यो से हमारी ऐतिहासिक जीत होगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। बैठक मे मुख्यरुप से सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, गोंविन्द यादव, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, शिवकुमार गुप्ता, अशोक मौर्य, अनिल सिंह गौतम, रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, कन्हैया लाल, दिलिप पाण्डेय, गुडिया वर्मा, पुष्पा सिंह, विशाल गुप्ता, राकेश मेहता, सहित सभी मण्डल अध्यक्ष मण्डल प्रभारी, निकाय के संयोजक व प्रभारी सहित मोर्चो के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

## पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक विनोद चौधरी का रिहंद में किया गया भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बीजपुर,सोनभद्र। एनटीपीसी के पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक



विनोद चौधरी का रिहन्दनगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक प्रमुख अनिल त्रिपाठी ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। चौधरी एन टी पी सी के कोलडैम, ऊंचाहार एवं बाढ़ प्रोजेक्ट में परियोजना प्रमुख के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने लंबे समय तक एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में रायपुर में कार्य किया। अवकाश प्राप्त करने के उपरांत विभिन्न ऊर्जा संयंत्रों के लिए कार्य कर रहे हैं। अनिल त्रिपाठी ने बताया कि उनकी सादगी और सरलता बेमिसाल है। वे राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत–प्रोत हैं। चौधरी समाज सेवा के क्षेत्र में भी अहम योगदान प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर शशांक मिश्र ने बताया कि चौधरी की गिनती देश के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख इंजीनियरों में होती रही है। इस अवसर पर मुख्यरूप से संदीप गुप्ता, चन्दन गुप्ता, आनन्द गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुशील सोनी के साथ–साथ समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जनपद के समस्त तहसीलों पर आयोजित किया गया "सम्पूर्ण सामाधान दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शनिवार को जनपद के समस्त तहसीलों पर "सम्पूर्ण सामाधान दिवस" का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण सामाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र, चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से तहसील रॉबर्ट्सगंज पर जन शिकायतों को सुना गया तथा शिकायतों के तत्काल निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित करते हुए राजस्व सम्बन्धित शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रमेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 चारू द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें। इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसील पर संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।

- **जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से तहसील रश्बर्ट्सगंज पर सम्पूर्ण सामाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी जनता की समस्याएं**
- **शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**



## सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में 58 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत,केवल 04 निस्तारित





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील नौगढ़ध में प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील नौगढ़ध में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी नौगढ़ध प्रदीप कुमार यादव द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा किया गया। प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 58 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व–26, पुलिस विभाग से सम्बन्धित–07, विकास–25 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व के 04 प्रार्थना–पत्रों को प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एम0पी0सिंह, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, तहसीलदार नौगढ़, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मॉर्डन कान्वेंट में फन फेयर समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा,सोनभद्र। स्थानीय मॉर्डन कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी



स्कूल विद्यालय परिसर में अध्यापक गणों के निर्देशन में फन फेयर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआईएसएफ कमांडेंट एच एस शर्मा द्वारा समारोह का शुभारंभ किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि जेसी विमल सिंह, विनोद केशरी, भोला दूबे का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक राजेश सिंह द्वारा किया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सोनभद्र के औद्योगिक क्षेत्र, कृषि सहित जनपद के पर्यटन स्थलों की प्रदर्शनी लगाते हुए विभिन्न भारतीय राज्य जैसे पंजाब, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यो को दर्शाया गया तथा व्यंजनों की व्यवस्था कर स्टॉल लगाया गया। समारोह का आनंद स्थित विद्यार्थीयो तथा उनके अभिभावकों द्वारा लिया गया। समारोह में विद्यालय के अध्यापकों समेत समस्त सदस्यगणों का सम्पूर्ण सहयोग रहा।

## पुलिस चौकी के सामने से रजबहा साफ की हुई सिल्ट बालू चोरी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। ठेकेदारों ने सरकारी मिट्टी को खनन माफियाओं के



हवाले करते हुए पुलिस चौकी के सामने बेच डाला लगातार पुलिस खनन माफियाओं के मंसूबों का दे रही साथ सरकारी संपत्ति को पुलिस विभाग की मिली भगत बेखौफ ठेकेदारो ने खनन माफियाओं के हवाले किया वही पुलिस प्रसाशन की लगातार कर जूते उजाले में आ रहे है थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी के सामने से रातों–रात नहर के सिल्ट बालू चोरी से उठा ले गए खनन माफिया। सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरौली रजबहा की सफाई में निकली सिल्ट इन दिनों नहर की पटरी पर ढेर लगी थी पुलिस चौकी मानपुर राह के सामने से 200 मीटर तक सिल्ट रातों–रात गायब हो गई जिससे नहर पर बनी पटरिया लुप्त हो गई जिसके कारण नहर का कटाव भी होने की संभावना है सिंचाई विभाग द्वारा नहर सफाई में निकली सिल्ट उठान का ठेका भी नहीं हुआ खनन माफिया चोरी करके लाखों रुपए का राजस्व का चूना लगा रहे पुलिस सो रही है

**बुद्ध का संदेश**
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओंध्महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओंध बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिरध भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओंध्महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन–शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलोंध्कॉलेजों, मंदिरध्भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओंध्महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओंध्बालिकाओंध्छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे– वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस–पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930ध112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

- **समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, स्कूलों, कॉलेजो व प्रमुख मार्गो आदि पर की जा रही चेकिंग**
- **महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओंध्बलिकाओं को किया जा रहा जागरुक**



## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। तहसील रामनगर में मुख्य विकास अधिकारीएकता सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण



समाधान दिवस के दौरान प्राप्त हुए आवेदनों पर उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय पर ढंग से कर लिया जाए शिकायत के निस्तारण के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, पेंशन, लोक निर्माण विभाग, कब्जा, भूमि पट्टा आदि प्रकरण प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 47 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 16 प्रार्थना पत्र, विकास से सम्बन्धित 10 प्रार्थना पत्र, आपूर्ति विभाग से सम्बन्धित 21 प्रार्थना पत्र, कृषि विभाग से सम्बन्धित 11 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 05 प्रार्थना पत्र, अन्य विभागों से सम्बन्धित 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान कुल 121 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर 12 प्रार्थना पत्र निस्तारित किये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी रामनगर, क्षेत्राधिकारी पुलिस रामनगर, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार रामनगर, खंड विकास अधिकारी रामनगर, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# गर्म कपड़े पहनने पर भी लगती है ठंड तो आपको हो सकती है ये बीमारियां

सर्दियों में हाथों और पैरों का ठंडा होना सामान्य है। हालाँकि जिस समय हम कड़ाके की ठंड के संपर्क में आते हैं, तो हमारे हाथ–पैरों के ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाते हैं। सर्दी के मौसम में हमारी बॉडी हमारे जरूरी अंगों तक हेल्दी ब्लड सर्कुलेशन को सुनिश्चित करती है, ताकि वो गर्म रहें। जी हाँ और इस प्रोसेस से हमारे हाथों में ब्लड सर्कुलेशन के अमाउंट में बदलाव के कारण वो ठंडे हो जाते हैं। वैसे तो सर्दियों में हाथ और पैरों को ठंडे होना एक आम समस्या है, लेकिन अगर गर्म कपड़े पहनने के बाद भी यह गर्म न हों या हमेशा ही ठंडे रहें, तो यह गंभीर बीमारी के बारे में इशारा करते हैं। आइए बताते हैं इसके बारे में।

विंटर में हाथ–पैर ठंडे रहने के कारणः कुछ लोगों के बिना इसी अंडरलायिंग डिजीज के नैचुरली हाथ और पैर ठंडे रहते हैं। ऐसे में उन्हें सिर्फ अतिरिक्त ध्यान रखना चाहिए। हालाँकि इसका कारण बनने वाली बीमारियां इस प्रकार हैं:

पुअर सर्कुलेशनः पुअर सर्कुलेशन विंटर में पैरों और हाथों के ठंडे होने का सामान्य कारण है। जैसे ही टेम्प्रेचर कम होता है, हमारा शरीर कोर को गर्म रखने का काम करता है। ऐसे में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाते हैं और शरीर के कोर पार्ट तक ब्लड सर्कुलेशन कम होती है जिससे हाथ और पैर ठंडे हो जाते हैं।

एनीमियाः एनीमिया की समस्या उस समय होती है, जब किसी व्यक्ति में रेड ब्लड सेल्स की संख्या कम हो जाती है। ऐसा आयरन, बी12 की कमी या किसी क्रॉनिक किडनी डिजीज के कारण हो सकता है। जी हाँ और इसके कारण भी हाथ और पैर ठंडे रह सकते हैं।

डायबिटीज– अगर आपको डायबिटीज है, तो आपको विंटर में खास ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इससे भी सर्कुलेशन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं खासतौर पर पैरों और हाथों में।

हाइपोथायरायडिज्मः अंडरएक्टिव थायराइड ग्लैंड, थयरॉइड हॉर्मोन के लो लेवल को प्रोड्यूज करते हैं जिनका मेटाबॉलिज्म पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे सर्कुलेशन और बॉडी टेम्प्रेचर पर बुरा असर हो सकता है। जी हाँ और इससे हाथ और पैर ठंडे रह सकते हैं।

## ओपन कोट में हिना खान में दिखाईं दिलकश अदाएं, शॉर्ट ड्रेस में कराया फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाते रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस हिना खान ने अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम



पर शेयर की हैं जिसमें उन्होंने एक बार फिर से अपने हुस्न का जलवा बिखेर कर फैंस को अपना कायल कर दिया है। टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण इंस्टाग्राम पर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस हिना खान ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रेड और ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए हिना खान ने ओपन हेयर और ब्राउनिश मेकअप किया हुआ है। उन्होंने अपने इस आउटलुक के साथ कानों में गोल्ड के ईयरिंग्स कैरी किए हुए हैं। एक्ट्रेस हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने अपनी इन तस्वीरों मे कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि इंस्टाग्राम पर हिना खान को 18.8 मिलियन जूजर्स फॉलो करते हैं।






## नागिन 7 में प्रियंका चाहर की जगह ले सकती हैं सुंबुल तौकीर



नागिन का सातवां सीजन भी खूब चर्चा में है। पहले खबर थी कि शो की निर्माता एकता कपूर ने नागिन 7 के लिए प्रियंका चाहर चौधरी से संपर्क किया है, लेकिन अब चर्चा है कि प्रियंका की इससे छुट्टी हो गई है और उनकी जगह इसमें सुंबुल तौकीर ले सकती हैं। दरअसल, बिग बॉस 16 में सुंबुल की बढ़ती लोकप्रियता के कारण अब नागिन में प्रियंका की जगह उन्हें लिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं और सुंबुल की टीम के बीच बातचीत शुरू हो गई है और अब बिग बॉस 16 के खत्म होने का इंतजार है। सुंबुल ने शो में यह साबित कर दिया है कि वह मासूम जरूर हैं, लेकिन वह किसी से डरती नहीं हैं और हर परिस्थिति का डटकर सामना करती हैं। एकता उनकी इस खूबी से इस कदर प्रभावित हुईं कि उन्होंने सुंबुल को नागिन 7 का हिस्सा बनाने का फैसला कर लिया है। सोशल मीडिया पर नागिन 7 को लेकर सुंबुल और धारावाहिक उड़ारियां में तेजो संधु बनकर चर्चा में आईं प्रियंका के प्रशंसकों के बीच बहस छिड़ी हुई है। प्रशंसकों के बीच खूब बवाल देखने को मिल रहा है। प्रियंका के प्रशंसकों का कहना है कि उनकी चहेती बिग बॉस 16 में बहुत बढिया खेल रही हैं तो नागिन 7 के लिए वह सबसे बेहतरीन चेहरा होंगी, वहीं सुंबुल के प्रशंसक नागिन 7 के लिए मासूम सुंबुल को बेस्ट बता रहे हैं। सुंबुल का लोगों ने खूब समर्थन किया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनके हाथ में बिग बॉस की ट्रॉफी दिखाई दे रही थी। दरअसल, उनकी तस्वीर को एडिट किया गया था। सुंबुल के प्रशंसकों को यकीन है कि वह इस शो की विजेता होंगी। उन्होंने सुंबुल की तस्वीर के साथ लिखा था, भविष्य काफी करीब है। सुंबुल के चाहनेवालों ने पहले ही उन्हें बिग बॉस 16 की विजेता मान लिया है। सुंबुल टीवी अभिनेत्री हैं। उन्हें धारावाहिक इमली के लिए जाना जाता है। वह चंद्रगुप्त मौर्य, इशारों इशारों में और वारिस जैसे धारावाहिकों का भी हिस्सा रही हैं। उनके पिता तौकीर हसन खान टीवी इंडस्ट्री में कोरियोग्राफर हैं। सुंबुल की छोटी बहन सानिया भी टवी एक्ट्रेस हैं। सुंबुल ने बतौर बाल कलाकार टीवी शो जोधा अकबर से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। वह आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म आर्टिकल 15 से फिल्मी दुनिया में भी अपनी शुरुआत कर चुकी हैं। अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश बिग बॉस 15 की विजेता थीं, जिन्हें एकता ने नागिन 6 का हिस्सा बनाया था। चर्चा ये भी है कि अगर बिग बॉस 16 की विजेता कोई महिला प्रतियोगी बनती है तो एकता उसे अपने शो की नई नागिन बनाएंगी। टीवी की दुनिया में नागिन एक अलग ही कहानी लेकर आया है। यह शो इतना लोकप्रिय हुआ कि इसके छह सीजन आ चुके हैं। घर, गृहस्थी, कॉमेडी और लव स्टोरी के बाद एकता एक अलग ही कहानी सामने लेकर आईं और दर्शकों को उनका यह प्रयोग काफी अच्छा लगा। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेम, दुश्मनी और बदले की कहानी के साथ नागिन 6 ने भी दर्शकों को खूब लुभाया।

## गांधी गोडसे एक युद्ध से नौ साल बाद निर्देशन में लौट रहे राजकुमार संतोषी

अंदाज अपना अपना, घायल, खाकी, चाइना गेट, अजब प्रेम की गजब कहानी और द लेजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी फिल्में




बनाने वाले निर्देशक राजकुमार संतोषी नौ साल बाद एक और फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसका नाम है गांधी गोडसे एक युद्ध। उनकी आखिरी फिल्म फटा पोस्टर निकला हीरो थी जिसमें शाहिद कपूर और इलियाना डीक्रूज ने अभिनय किया था। गांधी गोडसे एक युद्ध में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे की दो विपरीत विचारधाराओं के बीच युद्ध को दिखाया गया है। निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्म की घोषणा करने के लिए एक वीडियो जारी किया। फिल्म में ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान का संगीत होगा। संतोषी प्रोडक्शंस एलएलपी की मनीला संतोषी द्वारा निर्मित यह फिल्म पीवीआर पिक्च र्स रिलीज है। यह फिल्म 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# चेहरे पर लगाती हैं नारियल का तेल तो हो जाए सावधान...



चेहरे के दाग–धब्बे मिटाने के लिए महिलाएं कई तरह के नुस्खे इस्तेमाल करती हैं। जी हाँ और इसी लिस्ट में से एक है नारियल का तेल। नारियल का तेल लोग खाने में शामिल करते हैं क्योंकि इसमें पाए जाने वाले गुण और पोषक तत्व त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं।

इसको चेहरे से लेकर शरीर तक पर लगाया जाता है। ऐसा कहा जाता है चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन की कई समस्याएं दूर होती हैं। नारियल के तेल में फैटी एसिड, एंटीबैक्टीरियल गुण, विटामिन–ई, प्रोटीन, आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आपको बता दें कि चेहरे पर नियमित नारियल तेल लगाने से त्वचा को कई फायदे होते हैं लेकिन ज्यादा नारियल तेल लगाना भी आपकी त्वचा पर कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे हैं।

नारियल तेल चेहरे पर लगाने के नुकसान– जी दरसल नारियल तेल में विटामिन–ई, फैटी एसिड और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल आप एक सीरम के तौर पर भी कर सकते हैं लेकिन कई लोगों के लिए यह नुकसानदायक भी हो सकता है। इससे उनकी त्वचा में एलर्जी और कई स्किन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

स्किन पर हो सकते हैं मुहांसे– ज्यादा नारियल तेल चेहरे पर लगाने से त्वचा पर पिंपल्स की समस्या बड़ सकती है। जी हाँ और इसके अलावा चेहरे पर ऑयल और गंदगी जमा होने लगती है। इसकी वजह से आपके चेहरे पर मुंहासे और पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती है।

स्किन हो सकती है ऑयली– चेहरे पर ज्यादा इस तेल को लगाने से स्किन पर ऑयल भी बढने लगता है जिसके कारण चेहरे पर धूल–मिट्टी जमा होने लगती है। जी हाँ और लंबे समय तक चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन भी ऑयली होने लगती है।

बढ़ सकते हैं चेहरे पर बाल– चेहरे पर ज्यादा नारियल तेल लगाने से बाल भी बढ़ सकते हैं। नारियल तेल से उगने वाले बाल हल्के नहीं बल्कि मोटे होते हैं, इस वजह से अगर आपके चेहरे पर बाल बढ़ रहे हैं तो नारियल तेल का इस्तेमाल न करें।

चेहरे पर हो सकती है एलर्जी– ज्यादा नारियल तेल लगाने से भी स्किन पर एलर्जी हो सकती है। जी हाँ और नारियल तेल की तासीर गर्म होती है और गर्मी के मौसम में स्किन पर नारियल तेल ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन खराब भी होने लगती है।